# A .K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office : 14th K.M. Stoe, Chittorgrth Road,
Village : Biliya Kalan,BHILWARA-311001(Raj.)
CIN NO- L17117RJ1994PLC008916
Mobile: +91 9887049006
Email : akspintex@gmail.com
Web: www.akspintex.com


**Date: 08.03.2025**

**The General Manager**
DCS-CRD
**Bombay Exchange Ltd**.
Rotunda Building
P.J. Tower, Dalal Street, Fort
MUMBAI - 400001.

**Scrip Code: Equity - 539300,**

Dear Sir/Madam,

**SUB: NEWSPAPER ADVERTISEMENT — DISCLOSURE UNDER REGULATION 30 OF SEBI (LISTING OBLIGATIONS AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2015 ("SEBI LISTING REGULATIONS")**

Pursuant to Regulation 30 and 47 read with Schedule Ill Part A Para A of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose the copies of newspaper advertisement published in Financial Express (English) and Business Remedies (Hindi- Vernacular), intimating that Extra-Ordinary General Meeting of the Company will be held on Monday, March 31, 2025 AT 12.00 P.M. IST through Video Conferencing / Other Audio Visual Means.

The above information is also available on the website of the Company www.akspintex.com

This is for your information and record.

Thanking You,

Yours faithfully,

**For A.K. SPINTEX LIMITED**

ASHISH KUMAR BAGRECHA
Digitally signed by ASHISH KUMAR BAGRECHA
Date: 2025.03.08 15:05:43 +05'30'

**Ashish Kumar Bagrecha**
**(CS & Compliance officer)**
**M. No.A34182**

'मनुष्य मंगल रूप तभी होता है, जब वह साधना का शिखर चढ़ लेता है, आत्म स्वरूप को जान लेता है, और उसका जन्म लेना सार्थक हो जाता है'– महास्थविर शांति मुनि




जयपुर ▪ दिल्ली से प्रकाशित

# बिज़नेस रेमेडीज



वर्ष : 12 | अंक : 56 भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत **व्यापार एवं विकास की आवाज** मूल्य : 3 रुपए | पेज : 8 दैनिक www.businessremedies.com

जयपुर। शनिवार 8 मार्च, 2025

## भारतीय शहरों में महिलाओं के लिए रोजगार छह वर्षों में 10 प्रतिशत बढ़ाः रिपोर्ट



**बिजनेस रेमेडीज/चेन्नई (आईएएनएस)।** चेन्नई के ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, शहरी भारत में महिलाओं के लिए रोजगार में पिछले छह वर्षों (2017-18 से 2023-24) में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, चालीस वर्ष की आयु की शहरी महिलाओं की रोजगार दर सबसे अधिक है, जो 2023-24 में 38.3 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि 2023-24 में 8.9 करोड़ से अधिक शहरी महिलाएं लेबर मार्केट से बाहर रहीं। देखभाल संबंधी जिम्मेदारियां, लचीली कार्य व्यवस्था का अभाव और आवागमन संबंधी चुनौतियों जैसे कारण अनेक उच्च योग्यता प्राप्त महिलाओं को अर्थव्यवस्था में पूर्ण रूप से भाग लेने से रोकते हैं। रिपोर्ट में चिंता पैदा करने वाला ट्रेंड भी बताया गया। शहरी भारत में 20-24 वर्ष के आयु वर्ग के 10 प्रतिशत पुरुष बेरोजगार हैं, जबकि महिलाओं में यह आंकड़ा 7.5 प्रतिशत का है। रिपोर्ट के निष्कर्षों ने उच्च शिक्षित परिवारों में भी लैंगिक असमानता को उजागर किया। यहां तक कि दोहरी आय वाले, उच्च शिक्षित दम्पतियों में भी लैंगिक असमानताएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं।

# IIFA 2025 का आगाज आज

## सितारों से सजेगी शाम, अर्थव्यवस्था और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** इंतजार खत्म हो गया है! इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (IIFA) अवार्ड्स के 25वें संस्करण ने आखिरकार गुलाबी नगर जयपुर में दस्तक दे दी है, जहाँ बॉलीवुड के सबसे बड़े सितारे एकत्रित हो रहे हैं। यह भव्य आयोजन सिनेमाई उत्कृष्टता, हाई-ऑक्टेन परफॉर्मेंस और ग्लैमर का अद्भुत संगम होगा। IIFA 2025 का सिल्वर जुबली संस्करण मनोरंजन, संस्कृति और आर्थिक संभावनाओं से भरपूर एक अविस्मरणीय वीकेंड का वादा करता है, जिससे राजस्थान की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी।




**आर्थिक प्रभाव और सरकारी पहल**

IIFA 2025 की मेजबानी से राजस्थान की सांस्कृतिक और पर्यटन विरासत को वैश्विक मंच मिलेगा। राजस्थान सरकार ने इस आयोजन के लिए रूपये 100 करोड़ का बजट आवंटित किया है, जिससे पर्यटन और संस्कृति क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 जैसी पहलें राज्य में भारी निवेश आकर्षित कर रही हैं, जिससे हॉस्पिटैलिटी, वेलनेस और हेरिटेज संरक्षण क्षेत्रों में 2,00,000 से अधिक नौकरियों की संभावना है।

**पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को होगा लाभ**

IIFA 2025 के चलते बॉलीवुड सितारों, इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स और पर्यटकों का जयपुर में आगमन बढ़ेगा, जिससे होटल, रेस्टोरेंट और स्थानीय व्यवसायों को सीधा फायदा होगा। यह आयोजन राजस्थान को फिल्म निर्माताओं और प्रोडक्शन हाउस के लिए एक प्रमुख शूटिंग लोकेशन के रूप में स्थापित करने में भी मदद करेगा, जिससे भविष्य में और अधिक प्रोजेक्ट्स यहां आ सकते हैं।

**सेलिब्रिटी आगमन और मुख्य आकर्षण**

बॉलीवुड के कई सितारे पहले ही जयपुर पहुंच चुके हैं। अपारशक्ति खुराना, विजय वर्मा और अभिषेक बनर्जी को जयपुर एयरपोर्ट पर देखा गया, जबकि जैदीप अहलावत और सृष्टि दीक्षित को कोटा में घूमते हुए देखा गया। नुसरत भरुचा भी जयपुर पहुंच चुकी हैं, जिससे उपस्थित सितारों की सूची और लंबी हो गई है।

**मुख्य इवेंट को** करण जौहर और कार्तिक आर्यन होस्ट करेंगें।

IIFA 2025 में शाहरुख खान, शाहिद कपूर, माधुरी दीक्षित, करीना कपूर खान और कृति सेनन आदि कलाकार परफोर्म करेंगे।

**इवेंट शेड्यूल और वेन्यू**

8 मार्च 2025: IIFA डिजिटल अवार्ड्स

**वेन्यूः** जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC)

**ग्रीन कार्पेटः** मुख्य इवेंट से पहले, सितारे IIFA की पर्यावरण पहल के तहत ग्रीन कार्पेट पर नजर आएंगे।

IIFA डिजिटल अवार्ड्स डिजिटल एंटरटेनमेंट और OTT कंटेंट में उत्कृष्टता को सम्मानित करता है। इस वर्ष जैदीप अहलावत और अनन्या पांडे को डबल नॉमिनेशन मिले हैं।

**9 मार्च 2025:** IIFA अवार्ड्स ग्रैंड फिनाले

**वेन्यूः** जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC)

**ग्रीन कार्पेटः** IIFA अवार्ड्स की परंपरा के अनुसार, सितारे ग्रीन कार्पेट पर अपनी फैशन स्टेटमेंट दिखाएंगे।

### सांस्कृतिक महत्व और वैश्विक पहचान

IIFA 2025 न केवल सिनेमाई उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि यह राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। यह आयोजन राज्य की कला और संस्कृति को अंतराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देगा, जिससे भविष्य में पर्यटन और निवेश के नए अवसर खुलेंगे।

### राजस्थान की कला और बॉलीवुड की भव्यता का मिश्रण आमंत्रण बॉक्स

IIFA 2025 के लिए तैयार किया गया विशेष लक्ज़री इन्विटेशन बॉक्स राजस्थान की कला और बॉलीवुड की भव्यता का मिश्रण है, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है।

जैसे-जैसे IIFA 2025 अपने चरम पर पहुंचेगा, जयपुर वैश्विक आयोजनों की मेजबानी के लिए एक प्रमुख स्थल के रूप में चमकेगा, जिससे न केवल आर्थिक उन्नति होगी बल्कि राजस्थान की समृद्ध विरासत को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

### ग्रीन कार्पेट परंपरा

IIFA ने 2007 में पारंपरिक रेड कार्पेट की जगह ग्रीन कार्पेट अपनाया, जो इसके 'Greening the IIFAs' इनिशिएटिव का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना है।

ग्रैंड फिनाले में भारतीय सिनेमा की बेहतरीन उपलब्धियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें बॉलीवुड के टॉप कलाकारों की शानदार परफॉर्मेंस होगी।

## भारत ऑप्शन ट्रेडर्स समिट-2025 का आज होगा आयोजन

### बिजनेस रेमेडीज होगा मीडिया पार्टनर

BOTS

**बिजनेस रेमेडीज/ जयपुर।** भारत ऑप्शन ट्रेडर्स समिट-2025 मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में आज आयोजित होगा। इवेंट के निदेशक फाजिल अहमद ने बताया कि समिट में उद्योग जगत के व्यापारियों को ऑप्शन ट्रेडर्स से संबंधित समस्त गतिविधियों की जानकारी ऋषिकेश सिंह, अशोक देवानंप्रिय, संजय जसवानी, अनिल कुमार हुडा, राजेश कुमार सोढानी देंगे। इसमें पैनलिस्ट संदीप शर्मा (एलटीडब्ल्यूएस ट्रेडिंग अकादमी), कमल कौशिक (वाईएके ट्रेडिंग एलएलपी), मंजुश्री शर्मा (एमएस ट्रेडिंग स्कूल), विशाल श्याम (लाइव स्टॉक ट्रेडिंग), राहुल सिंह (स्टॉकराइज इंस्टीट्यूट), श्रीकांत मोहन जाधव (फीनिक्स ट्रेड्स), रोहित डंगायच (मेगासर्व टेक्नोलॉजीज), नवीन (मारवाड़ी ट्रेडर्स), मृदुल खंडेलवाल (एसी अग्रवाल शेयर ब्रोकर्स), वैभव करगवाल, आदर्श व्यास (अकादमी ऑफ ट्रेड फाइनेंस) होंगे। समिट में अनुभवी पेशेवरों के जरिए जटिल स्थितिगत, इंट्राडे विकल्प रणनीतियों, जोखिम प्रबंधन और ट्रेडिंग मनोविज्ञान पर चर्चा करेंगे। पहले यह समिट भारत के 9 शहरों में हो चुका है, अब 10वां संस्करण जयपुर में आयोजित हो रहा है। इस समिट में शेयर मार्केट से जुड़ाव रखने वाले करीब 600 से 700 लोगों के आने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा नेटवर्किंग पर भी फोकस किया जाएगा। इस समिट का मीडिया पार्टनर बिजनेस रेमेडीज होगा।



BUSINESS

न्यूज ब्रीफ

## असिस्टेंट प्रो. डॉ.मंजू बाघमार को नारी शक्ति अवॉर्ड से नवाजा



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** रामबाग स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.मंजू बाघमार को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए नारी शक्ति अवॉर्ड-2025 प्रदान किया गया। प्रखर नवनीत और डॉ.धीरज दुबे की ओर से एक होटल में हुए समारोह की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ.मंजू बाघमार ने उन्हें साइटेशन व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राज्यमंत्री डॉ. बाघमार ने कहा कि शिक्षा और शक्ति से महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से महिलाओं की मदद के लिए चलाई जा रहीं अनेक योजनाओं को विस्तार से बताया। इस मौके पर जयपुर की सांसद मंजू शर्मा, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉक्टर धीरज दुबे, उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण, रामचरण बडाया और आयोजक भारती खंडेलवाल मौजूद रहीं। गौरतलब है कि नारी तू नारायणी अवॉर्ड सीजन-9 के तहत हुए समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की करीब 30 से अधिक महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए नवाजा गया।

# विश्व महिला दिवस पर फोर्टी की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिला उद्यमियों के संदेश

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** विश्व महिला दिवस पर फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) ने विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं के संदेशों का संग्रह किया, ताकि समाज में महिलाओं के प्रति समानता और श्रेष्ठता का भाव जाग्रत हो सके। इसमें न्यूट्रिशन एक्सपर्ट मोनिषा अग्रवाल ने कहा कि एक स्वस्थ महिला ही एक सशक्त समाज की नींव रखती है। पोषण सिर्फ शारीरिक ऊर्जा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, मानसिक संतुलन और सफलता की कुंजी भी है। एक महिला जब अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देती है, तो वह अपने परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र में और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकती है। हर महिला को यह संदेश देना चाहती हूं कि सही पोषण अपनाएं, अपनी सेहत का ख्याल रखें और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें। हमारा स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, और जब



**मोनिषा अग्रवाल, न्यूट्रिशन एक्सपर्ट**



**साक्षी अग्रवाल, इंटरनेशनल एजुकेशन कन्सल्टेंट**



**आभा मील, एडवाइजर, फोर्टी वुमन विंग**



**नीलम मित्तल, डायरेक्टर, बीएनआई एरिया**

महिलाएं स्वस्थ और सशक्त होंगी, तभी एक उज्जवल और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण संभव होगा। आइए, इस महिला दिवस पर खुद से यह वादा करें कि हम अपने शरीर और मन को उतना ही महत्व देंगे, जितना हम अपने सपनों को देते हैं।

इंटरनेशनल एजुकेशन कन्सल्टेंट साक्षी अग्रवाल का कहना है कि जैसे ही हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हैं, हम शिक्षा की शक्ति को याद करते हैं, जो महिलाओं के लिए एक उज्जवल और समान भविष्य का आधार है। द हेडमास्टर कंसल्टिंग में, हमारा मानना है कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं है–यह आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सशक्तिकरण की नींव है। विदेश में अध्ययन न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रदान करता है, बल्कि सांस्कृतिक जागरूकता, नेतृत्व क्षमता और वैश्विक दृष्टिकोण भी विकसित करता है– जो सार्थक बदलाव लाने के लिए आवश्यक हैं। लेकिन यह राह आसान नहीं होती। कई महिलाएं आर्थिक सीमाओं, सामाजिक अपेक्षाओं और आत्म-संदेह जैसी चुनौतियों का सामना करती हैं। हमारा मिशन है कि हम उन्हें सही मार्गदर्शन, मेंटरशिप और संसाधन उपलब्ध कराएं, जिससे वे सफलता की ओर बढ़ सकें। इस महिला दिवस पर, आइए हम अपने संकल्प को दोहराएं–एक ऐसा माहौल बनाने का, जहाँ हर महिला बेझिझक सपने देख सके, बिना किसी बाधा के सीख सके और बिना किसी सीमा के अपने लक्ष्य हासिल कर सके। भविष्य उन लोगों का है जो सपने देखने की हिम्मत रखते हैं, और शिक्षा वही चाबी है जो उन सपनों के दरवाजे खोलती है। शक्ति, शिक्षा और सशक्ति करण से भरपूर हर महिला को सलाम–आज और हर दिन।

फोर्टी वुमन विंग एडवाइजर आभा मील का कहना है कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं की उपलब्धियों को सराहने और उनके संघर्षों को समझने का दिन है। हमें महिलाओं के लिए ऐसे मंच बनाने चाहिए जहां वे अपने विचारों को खुलकर व्यक्त कर सकें, नए अवसरों की तलाश कर सकें और अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग कर सकें। एक सशक्त महिला एक सशक्त परिवार और एक सशक्त राष्ट्र की नींव रखती है। इस महिला दिवस पर, हर महिला को समान अवसर और सम्मान देने का संकल्प लें।

BNI एरिया डायरेक्टर नीलम मित्तल का कहना है कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं] चाहे वह कॉर्पोरेट सेक्टर हो, स्टार्टअप हो या सामाजिक उद्यम। हमें सिर्फ अवसर देने की जरूरत है, क्योंकि हर महिला के अंदर एक सफल नेतृत्वकर्ता छुपा है। एक उद्यमी के रूप में मेरा मानना है कि महिलाएं न केवल व्यवसाय चला सकती हैं, बल्कि नवाचार और सतत विकास की दिशा में भी बड़ा योगदान दे सकती हैं।

## राजस्थान का सबसे बड़ा बी-टू-बी बिजनेस ट्रेड शो 21 से

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** राजस्थान के सबसे बड़ा और प्रभावशाली बी-टू-बी बिजनेस ट्रेड शो बिज एक्सपो का जयपुर एक बार फिर गवाह बनने जा रहा है। बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल, जयपुर (बीएनआई) की ओर से 21 से 23 मार्च, 2025 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में 7वें बिज एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है।

बीएनआई जयपुर के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षय गोयल ने बताया कि बीएनआई बिज एक्सपो अपने तरह का एक खास इवेंट है, जो अलग-अलग तरह के बिजनेस, विभिन्न कैटेगरी में काम कर रहे स्टार्टअप्स सहित उद्यमियों और एंटरप्रेन्योर को एक सटीक प्लेटफार्म प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य बिजनेस नेटवर्क एवं बिजनेस प्रमोशन हैं। एक्सपो व्यापारी वर्ग के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़ने के लिए




बड़ा मौका है। यहां युवाओं को एंटरप्रिन्योरशिप के बारे में भी काफी सीखने को मिलेगा।

जयपुर बिज एक्सपो के जयपुर एरिया डायरेक्टर नीलम मित्तल ने बताया कि, तीन दिवसीय कॉर्पोरेट इवेंट में एक हजार से अधिक बिजनेस प्रोफेशनल्स न केवल अपने बिजनेस और सर्विस से जुड़ी जानकारी देंगे, इस दौरान युवाओं एवं उद्यमियों को सफल एंटरप्रेन्योर्स से जुड़ने और चर्चा करने का अवसर भी मिलेगा। 150 से अधिक बड़े कॉरपोरेट घराने, एमएसएमई, सरकारी संगठन, प्रोफेशनल, ट्रेड और इंडस्ट्रियल एसोसिएशन इसका हिस्सा बनने वाली है। कार्यक्रम में सीनियर सपोर्ट डायरेक्टर्स आस्था टाटिया, दीपक सहगल, पारुल भार्गव, नवीन अग्रवाल, आदित्यनाथ शर्मा, एरिया डायरेक्टर नीलम मित्तल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षय गोयल आदि गणमान्य मौजूद थे।

**बिजनेस से जुड़ी 150 स्टॉल्स**

बिज एक्सपो मल्टी बिजनेस कैटेगरी शो है, जिसमें प्रमुख सेक्टर:

» आईटी और ऑटोमेशन
» ऑर्गेनिक फूड और ई-व्हीकल्स
» मार्केटिंग, पीआर और फाइनेंस-इन्वेस्टमेंट
» होटल-हॉस्पिटैलिटी, ट्रेवल-टूरिज्म
» इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटीरियर और कंस्ट्रक्शन
» हेल्थ-वेलनेस, वेडिंग-इवेंट्स, ज्वैलरी-फैशन
» मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट और इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस

**एक्सपर्ट्स से सीखने का मौका**

एक्सपो में प्रमुख उद्योग विशेषज्ञों द्वारा बिजनेस ग्रोथ, इनोवेशन और मार्केटिंग पर उपयोगी इनसाइट्स साझा की जाएंगी। यह एक्सपो नए और मौजूदा उद्यमियों के लिए नेटवर्किंग और लर्निंग का बेहतरीन प्लेटफॉर्म साबित होगा।

बिजनेस को आगे बढ़ाने और नए अवसरों से जुड़ने के लिए इस खास एक्सपो का हिस्सा बनें।

## डिप्टी सीएम ने किया आर्टिजंस कलेक्टिव का अवलोकन

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** सिटी पैलेस में प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन (पीडीकेएफ) द्वारा आयोजित हो रहे 'पीडीकेएफ आर्टिजन कलेक्टिव' का आज उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अवलोकन किया। यह विशेष कार्यक्रम देशभर के करीब 12 राज्यों से 50 से अधिक विमेन आर्टिजंस और एंटरप्रेन्योर्स को एक मंच पर लाया है, जहां उन्हें अपने शिल्प को प्रदर्शित करने, विविध लोगों से जुड़ने और अपना स्वयं का बाजार स्थापित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि फाउंडेशन की महिलाओं द्वारा यह एक सराहनीय पहल की गई है। देश के विभिन्न राज्यों से आई महिला कारीगरों और शिल्पकारों को यहां



अपनी कला और शिल्प का प्रदर्शन करने का एक शानदार मंच प्राप्त हुआ है। जो पर्यटक सिटी पैलेस घूमने आ रहे हैं, उनके लिए भी यह देश की कला, संस्कृति और शिल्प को जानने का एक बेहतरीन अवसर है। महिला सशक्तिकरण के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम महिलाओं को प्रोत्साहित करें और उन्हें एक मंच प्रदान करें, जिसके लिए हम हमेशा प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान पीडीकेएफ की जनरल सेक्रेटरी, जयपुर की प्रिंसेस गौरवी कुमारी और महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्राहलय की कार्यकारी ट्रस्टी, रमा दत्त भी उपस्थित रहीं।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने पर कहा कि राजस्थान में हर वह चीज़ मौजूद है, जो एक पर्यटक अनुभव करना चाहता है। चाहे वह वाइल्डलाइफ, महल, किले, वेडिंग डेस्टिनेशन, फिल्म शूटिंग स्थल या रूरल टूरिज्म हो, राजस्थान में सब कुछ उपलब्ध है। अब केवल आवश्यकता है इसकी सही तरीके से प्रचार-प्रसार करने की। साथ ही, राजस्थान के पर्यटन स्थलों की प्रभावी ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जरूरत है, जिसे सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पर्यटन और राज्य सरकार दोनों मिलकर काम कर रहे हैं।

इस एग्जीबिशन में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं, जिनमें पर्यटक, कला और हस्तशिल्प प्रेमी शामिल हैं। यहां आ रहे आगंतुक न केवल भारतीय शिल्प और कला का आनंद ले रहे हैं, बल्कि विभिन्न उत्पादों की खरीदारी भी कर रहे हैं।

## रेखाः नारीत्व और गरिमा का कालातीत प्रतीक

**बिजनेस रेमेडीज़/श्रुति कोठारी**

जब दुनिया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रही है, जयपुर एक ऐसी हस्ती का स्वागत करने के लिए तैयार है, जो नारीत्व के सार का प्रतीक हैं- रेखा जी। जैसे ही वह IIFA 2025 की सिल्वर जुबली समारोह की शोभा बढ़ाएंगी, उनकी उपस्थिति केवल भारतीय सिनेमा को श्रद्धांजलि नहीं होगी, बल्कि यह दृढ़ता, गरिमा और स्वतंत्रता की शक्ति का प्रमाण भी होगी–वे गुण जो हर युग की सशक्त महिलाओं को परिभाषित करते हैं।

रेखा जी की बॉलीवुड यात्रा प्रेरणादायक रही है। एक युवा अभिनेत्री के रूप में उद्योग की चुनौतियों का सामना करने से लेकर एक सशक्त कलाकार बनने



तक, उन्होंने अपने अद्वितीय प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और अटूट आत्मविश्वास के बल पर अपनी अमिट पहचान बनाई है। 'उमराव जान', 'खूबसूरत' और 'सिलसिला' में उनके अभिनय ने एक स्त्री के विभिन्न रूपों को उजागर किया है– मजबूत, संवेदनशील, भावुक और निडर।

रजत पर्दे से परे भी, वह शालीनता और सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल बनी हुई हैं। उन्होंने कालातीत सौंदर्य और आत्मनिर्भरता की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। आधुनिक महिला की तरह ही, रेखा जी ने अपने नियम खुद बनाए, अपनी पहचान को अपनाया और सदैव अपने सशक्त व्यक्तित्व को बनाए रखा] जो हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

जैसे ही वह IIFA 2025 के भव्य मंच पर कदम रखेंगी, उनकी उपस्थिति केवल सिनेमा का उत्सव नहीं होगी, बल्कि हर उस महिला का भी जश्न होगी, जो सपने देखने, संघर्ष करने और सफलता प्राप्त करने का साहस रखती है। वह केवल एक बॉलीवुड आइकन ही नहीं, बल्कि नारीत्व की जीवंत प्रतिमूर्ति हैं।

## प्रणिता तलेसरा को सोशल सर्विस एवं वूमेन एंपावरमेंट पर मिली मानद उपाधि




**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग द्वारा नई दिल्ली तीन मूर्ति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय के जवाहर ऑडिटोरियम में अणुव्रत समिति उदयपुर की अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा को सोशल सर्विस एवं वूमेन एंपावरमेंट पर मानद उपाधि (डॉक्टर) से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वीर चक्र विजेता कर्नल तेजपाल सिंह, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की मुख्य भूमिका निभाने वाली रश्मि सिंह थी। एलेना टुटेजा एवं राकेश बेदी बॉलीवुड एक्ट्रेस, स्वाति मालीवाल मेंबर ऑफ राज्य सभा, डॉ पंकज कुमार सिंह कैबिनेट मिनिस्टर ऑफ दिल्ली, विनय सहस्त्र बुद्धे फॉर्मर एमपी राज्यसभा, महामंडलेश्वर गोपाल गिरी मह्ट के समक्ष सम्मानित किया गया।

देश भर के 158 लोगों को अलग-अलग कार्यों के लिए डॉक्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया। प्रणेता तलेसरा को इसमें संस्था द्वारा आजीवन सदस्यता दी गई।

## निशा झांझडिया बनी मिस कलांकित दिवा राजस्थान



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध लेडीज पर्स व गिफ्ट आइटम बनाने वाले कंपनी कलांकित द्वारा कलांकित मिस दिवा राजस्थान-2025 का आयोजन अपेक्स यूनिवर्सिटी के सहयोग से यूनिवर्सिटी कैम्पस में शानदार ढंग से आयोजित किया।

शो के मुख्य सहयोगी जयश्री ज्वैलरी, आर एमसी स्विच गियर, शेखावाटी इंपैक्स, हाइ फ्लाई प्रॉपर्टीज, आई टी कंपनी डी डी ए सी, लीनेस प्रांत आरएम1 स्वयं सिद्धा, जयपुर हेरिटेज होटल, क्लेरिऑन बेला कासा, हेल्थ पार्टनर के रूप में नारायण हॉस्पिटल आदि रहे।

कलांकित मिस दिवा राजस्थान 2025 में निशा झाझडिया विनर रही। बेस्ट फेस का अवॉर्ड भूमि शर्मा को मिला। शो के प्रस्तुतकर्ता बसंत जैन, बैराठी व सुरेश प्रधान ने बताया कि चार राउंड के कड़े मुकाबले में निशा ने यह खिताब जीता, प्रथम रनरअप संयुक्त रूप लक्ष्मी, आयुषी, द्वितीय रनर अप युक्ति व देवयानी ने जीता। कलांकित के चेयरमैन व मुख्य समन्वयक बसंत जैन बैराठी ने बताया कि फिनाले शो के मुख्य अतिथि एपेक्स यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पंकज शर्मा , अशोक अग्रवाल चेयरमैन आर एम सी स्विच गियर, प्रसिद्ध भामाशाह दान वीर नरेंद सेठी, नारायणा हॉस्पिटल के डॉ बलविंद्र वालिया, रील के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर ए.के. जैन, सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज की चेयरमैन निर्मला जैन, लिनेस क्लब आर एम 1 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर स्वग्रही माओ आदि थे।

इस अवसर पर फाइनलिस्ट मॉडल्स ने अपना टेलेंट राउंड भी प्रदर्शित किया। शो के प्रस्तुतकर्ता बसंत जैन ने बताया कि कई ऑडिशन के बाद 30 मॉडल्स को फाइनल के लिए चुना गया था, उनको तीन दिन की ग्रुमिंग व ट्रेनिंग वैष्णवी सुथार द्वारा दी गई।

## कविता (मां की मानाकारी)


जब जिंदगी की शुरूआत होती है
नन्हें शिशु की आंखे बंद होती है 'अंतरा'
सदन के साथ उसकी आवाज सुन
आंगन में चारों ओर खुशियों की बारात आती है
मां की आंखे लाड़ले की मुस्कान में
इस कदर भीगी रहती है
मानों सागर की लय में मिलने
नदियां इठलाती बहती है 1
फूलों सी मासूमियत में घर मुस्कुरा उठता है
ठुमक-ठुमक कर धुंधक के साथ
उसका पांव आगे बढ़ता है
उसके हर खेल में मां मस्त हो जाती है 2
मेहनत से उसकी तस्बीर बनाती है
हर क्षण संभलकर उसे संभालती है
मौसम के मिजाज से महकम रखती है
तब कही जाकर मां की तकदीर बनती है
आंचल में छिपाकर उसे बुरी नजर से बचाती है 3
पर्वत सी ऊंचाई सागर सी गहराई
फूलों सी नरमाई, उपवन सी अमराई
उसे मां ही दे पाती है, तभी स्वर्ग का इन्द्र
झूकता है मां के चरणों में कि तेरे लाल से हमारा भी खास रिश्ता नाता है। 4

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.**

# कलेक्टर ने किया किसान रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में पंजीयन करवाकर रोजाना हजारों किसान 11 अंकों की विशिष्ट पहचान हासिल कर रहे हैं। जिला कलैक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को किसान रजिस्ट्री शिविर में प्रत्येक किसान का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलैक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने किसान रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया।

चाकसू के छांदेलकलां में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर के औचक निरीक्षण के दौरान शिविर में माकूल व्यवस्था एवं आवश्यक इंतजाम नहीं होने पर जिला कलैक्टर ने सख्त नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद जिला



कलैक्टर के निर्देशानुसार राजकार्य में लापरवाही बरतने वाले चांदेलकलां शिविर में नियोजित संबंधित पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं कृषि परिवेक्षक को निलंबित कर दिया। तहसीलदार चाकसू एवं नायब तहसीलदार चाकसू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं, छांदेलकलां में शिविर प्रभारी भू अभिलेख लेख निरीक्षक को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट जारी की गई है।

वहीं, जिला कलैक्टर ने बस्सी के ग्राम पंचायत दुधली में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने रजिस्ट्री काउंटर सहित सभी विभागों के काउंटर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। जिला कलक्टर ने इस दौरान शिविर में मौजूद आमजन से संवाद भी किया और सभी किसानों से शिविर में पंजीयन करवाने एवं विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जयपुर जिले में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशुपालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जयपुर में किसान रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 31 मार्च 2025 तक प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जा रहा है।

आवश्यकता

बिजनेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें

बिजनेस रेमेडीज

217, सैंकड, फ्लोर, ओके प्लस टावर, मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जयपुर- 302020

मोबाइल नंबर 9929106227

E-Mail remediesbusiness@gmail.com

businessremedies@yahoo.com

marketing@businessremedies.com

# एनएसई और दिव्यज फाउंडेशन ने वित्तीय साक्षरता और निवेशक जागरूकता बढ़ाने के लिए समझौता किया

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** प्रतिभूति बाजार में वित्तीय साक्षरता और निवेशक जागरूकता बढ़ाने के लिए, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) और दिव्यज फाउंडेशन ने इसके संस्थापक अमृता देवेंद्र फड़नवीस और बृहन्मुंबई नगर निगम के माननीय नगर आयुक्त भूषण गगरानी की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी वाघ भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। यह वास्तव में एक साझेदारी को औपचारिक रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो वित्तीय साक्षरता, निवेशक जागरूकता, निवेशक सशक्ति करण और समावेशिता की भावना को दर्शाता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) और दिव्यज फाउंडेशन के बीच इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर वित्तीय रूप से साक्षर और सशक्त कार्यबल बनाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रतिभूति बाजार में निवेशकों, विशेषकर महिलाओं के हितों की रक्षा करना एनएसई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला दर्शकों को लक्षित करते हुए दिव्यज फाउंडेशन के साथ साझेदारी वास्तव में साझा दृष्टिकोण को दर्शाती है। दिव्यज फाउंडेशन, एक प्रसिद्ध गैर सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना अंतर्राष्ट्रीय अमृता देवेंद्र फडणवीस जी ने की है, जो एक प्रख्यात बैंकर, गायिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, यह संस्था समाज के वंचित और वंचित वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाकर उनके उत्थान के लिए समर्पित है। ज्ञान, कौशल विकास और वित्तीय सहायता के माध्यम से सशक्ति करण के अपने दृष्टिकोण से प्रेरित, यह एनजीओ शिक्षा, वित्तीय स्वतंत्रता, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, स्वास्थ्य और पोषण, सफाई अभियान, महिला सशक्तिकरण और बाल देखभाल जैसे क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम करता है।. एनएसई पूरे साल समाज के विभिन्न प्रतिभागियों के लिए वित्तीय साक्षरता और निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। दिव्यज फाउंडेशन अपनी विशेषज्ञता और सामुदायिक पहुंच का लाभ उठाते हुए, ऐसे कार्य म में लाभार्थियों की पहचान करने, उन्हें संगठित करने और उनकी भागीदारी को सुविधाजनक बनाने में सहायता करेगा। इस साझेदारी के हिस्से के रूप में, हमारा लक्ष्य महिला पुलिसकर्मियों, बीएमसी कर्मचारियों, मुंबई पुलिस, ब्लू-कॉलर महिला कार्यबल, दूरदराज के गांवों की महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों, छात्रों और अन्य लोगों को लक्षित करना है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य हाथ मिलाना और महिला प्रतिभागियों पर विशेष ध्यान देने के साथ एक व्यापक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम प्रदान करना है।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य यही था। निवेशक जागरूकता कार्यक्रम बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की 200 से अधिक महिला प्रतिभागियों के लिए आयोजित किया गया था। एनएसई में सेबी स्मार्ट (सिक्योरिटीज मार्केट ट्रेनर) द्वारा इंटरैक्टिव जागरूकता सत्र आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में वित्तीय नियोजन निवेश सूत्र, पूंजी बाजार, म्यूचुअल फंड और अन्य जैसे बुनियादी वित्तीय साक्षरता विषयों को शामिल किया गया। बृहन्मुंबई नगर निगम के माननीय नगर आयुक्त भूषण गगरानी ने कहा: 'बीएमसी में, हम मुंबई शहर को जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए आवश्यक सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं और शिक्षा का समर्थन करने वाले कार्यक्रमों और पहलों का आयोजन करते हैं, और जागरूकता का मुख्य महत्व है। हम नागरिक सेवाओं और सामुदायिक विकास को बढ़ाने के लिए वित्तीय ज्ञान और निवेशक जागरूकता के महत्व को पहचानते हैं। हमें एनएसई और दिव्यज फाउंडेशन के बीच इस सहयोग का समर्थन करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारी महिला कर्मचारियों को आवश्यक वित्तीय साक्षरता उपकरण, बचत, निवेश और वित्तीय सुरक्षा का ज्ञान प्रदान करेगा जो उनके सशक्ति करण और वित्तीय स्वतंत्रता की कुंजी है।' प्रख्यात बैंकर, गायिका और सामाजिक कार्यकर्ता अमृता फडणवीस ने कहा: 'वित्तीय साक्षरता का मतलब सिर्फ़ निवेश करना नहीं है; इसका मतलब है व्यक्ति यों को अपने वित्तीय भविष्य को नियंत्रित करने में सक्षम बनाना।

एनएसई और दिव्यज फाउंडेशन के साथ साझेदारी में इस पहल का उद्देश्य ज्ञान की कमी को पाटना और महिलाओं को सशक्त बनाना है, खास तौर पर सार्वजनिक सेवा और ब्लू-कॉलर भूमिकाओं में और दूरदराज के गांवों की महिलाओं को सही वित्तीय निर्णय लेने का आत्मविश्वास देना। वित्तीय रूप से जागरूक महिला अपने परिवार, समुदाय और राष्ट्र के भविष्य को आकार दे सकती है। इस महिला दिवस पर हम लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ने और लैंगिक समानता को मजबूत करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाने का संकल्प लेते हैं, हमारा मानना है कि महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता पूरी प्रक्रिया में उत्प्रेरक होगी।' एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा: 'एनएसई में, हम मानते हैं कि वित्तीय साक्षरता और निवेशक जागरूकता निवेशक सुरक्षा, सामाजिक गतिशीलता, आर्थिक सशक्त ीकरण और वित्तीय कल्याण की आधारशिला है। दिव्यज फाउंडेशन के साथ हमारा सहयोग यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक बहुत ही सकारात्मक कदम है कि वित्तीय जागरूकता हमारे समाज के हर वर्ग तक पहुंचे, खासकर विविध पृष्ठभूमि की महिलाओं तक। व्यक्तियों को सही ज्ञान से लैस करके, हम उन्हें सूचित वित्तीय निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे एक अधिक समावेशी और लचीली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है।

दिव्यज फाउंडेशन के साथ इस साझेदारी के साथ वित्तीय साक्षरता को सक्षम करना वित्तीय समावेशन और महिलाओं के लिए आर्थिक अवसरों तक पहुंच में अंतर को पाटने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।' अभिनेत्री शर्वरी वाघ ने कहा: 'मैं अमृता फडणवीस के दिव्यज फाउंडेशन और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा महिलाओं को वित्तीय साक्षरता से सशक्त बनाने की इस बेहद प्रगतिशील पहल का हिस्सा बनकर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह साझेदारी महिलाओं को उनके भविष्य को सुरक्षित करने और उनके परिवारों का समर्थन करने के लिए ज्ञान और उपकरणों से लैस करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जैसा कि हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले इस मील के पत्थर का जश्न मनाते हैं, मुझे उम्मीद है कि यह पहल महिलाओं के लिए अधिक वित्तीय स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त करेगी जो कि समय की मांग है।'

# रिट्को लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने फरवरी माह का बिजनेस अपडेट जारी किया

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** देश की प्रमुख लॉजिस्टिक कंपनी रिट्को लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने वर्ष 2025 के फरवरी माह का बिजनेस अपडेट जारी किया है। फरवरी 2025 में, रिट्को लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड से 7 करोड़ रुपए का प्रतिष्ठित परिवहन अनुबंध हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस अनुबंध के तहत रिट्को लॉजिस्टिक्स को देश भर में विभिन्न स्थानों पर एक्साइड के तैयार माल के परिवहन का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। इस अनुबंध जीत ने प्रमुख उद्योगों के लिए एक विश्वसनीय लॉजिस्टिक्स भागीदार के रूप में रिट्को की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। रिटको लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने वरुण बेवरेजेज लिमिटेड, जम्मू से 7.89 करोड़ रुपए का प्रतिष्ठित परिवहन अनुबंध हासिल करके अपने उद्योग नेतृत्व को और मजबूत किया है। यह रणनीतिक साझेदारी विभिन्न स्थानों पर माल की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करते हुए निर्बाध और कुशल लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करने के लिए रिटको की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। अपने मजबूत बुनियादी ढांचे और विशेषज्ञता के साथ, रिटको लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में मानक स्थापित करना जारी रखे हुए है।

रिटको लॉजिस्टिक्स लिमिटेड उद्योग के नेतृत्वकर्ता के साथ रणनीतिक साझेदारी करके अक्षय ऊर्जा और विनिर्माण क्षेत्रों में अपने पदचिह्न का विस्तार करना जारी रखे हुए है। कंपनी ने हैदराबाद स्थित एक प्रमुख पूरी तरह से एकीकृत सोलर सेल और सोलर मॉड्यूल निर्माता प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड के लिए लॉजिस्टिक्स सेवाएं शुरू की हैं, जो हरित ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करती है।

अपने विकास पथ को और मजबूत करते हुए रिटको ने कोलकाता की ल्यूमिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ बड़े पैमाने पर परिचालन भी शुरू किया है। कंपनी यहां केबल, कंडक्टर और तारों का एक प्रमुख निर्माता है, जो निर्बाध परिवहन और आपूर्ति श्रृंखला दक्षता सुनिश्चित करती है।

**अनुकूलित बेड़ा:** रिटको लॉजिस्टिक्स ने लंबी अवधि के आधार पर जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड और जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड की सेवा के लिए रणनीतिक रूप से एक समर्पित बेड़े को अनुकूलित करके तैनात किया है। यह अनुरूप दृष्टिकोण उनके संचालन के लिए निर्बाध, कुशल और विश्वसनीय रसद सहायता सुनिश्चित करता है। इस्पात उद्योग की बढ़ती मांगों को पहचानते हुए रिटको ने अपने बेड़े का और विस्तार करने, अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और इन अग्रणी इस्पात निर्माताओं के साथ अपने व्यापार में हिस्सेदारी बढ़ाने की योजना बनाई है।

रिटको लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने नई रणनीतिक साझेदारियों के साथ अपने 3क्ररु और वेयरहाउसिंग वर्टिकल का विस्तार किया। 3क्ररु और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में अपनी वृद्धि की गति को जारी रखते हुए, रिटको लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने फरवरी 2025 में नए ग्राहकों को सफलतापूर्वक अपने साथ जोड़ा है, जिससे एक विश्वसनीय लॉजिस्टिक्स पार्टनर के रूप में कंपनी की स्थिति और मजबूत हुई है।

**मैंगलोर रिफाइनरीज एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड:** कंपनी ने मैंगलोर रिफाइनरीज एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड से हैदराबाद में अपने वेयरहाउसिंग और 3क्ररु संचालन के प्रबंधन के लिए एक दीर्घकालिक अनुबंध हासिल किया, जो औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला में रिटको की उपस्थिति को मजबूत करता है।

**माइक्रोसर्विस आर्किटेक्चर:** डिकूप्ड प्लेटफ़ॉर्म कुबेरनेट्स और डॉकर के साथ स्केलेबिलिटी और फॉल्ट टॉलरेंस सुनिश्चित करते हैं। रखरखाव की लागत कम हो जाती है क्योंकि केवल विशिष्ट सेवाओं को अपडेट की आवश्यकता होती है। कंपनी ने मल्टीटेनेंट आर्किटेक्चर लागू किया है।

**आईएएम कार्यान्वयन:** प्रौद्योगिकियों और नीतियों के ढांचे के माध्यम से सुरक्षित, प्रतिबंधित उपयोगकर्ता अनुमतियों को सुनिश्चित करने हेतु भूमिका-आधारित पहुँच नियंत्रण को लागू करने के लिए कंपनी ने आईएएम कार्यान्वित किया है।

# निफ्टी फ्यूचर में 22808 अंक के ऊपर तेजी देखी जा सकती है..!!



**निखिल भट्ट**
**रिसर्च एनालिस्ट,**
**सेबी पंजीकृत**



**दिनांक 10.03.2025 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....**

दिनांक 07.03.2025 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 22649 पॉइंट पर : अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 22474 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 22707 - 22737 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रति यात्मक के लिए 22404 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

दिनांक 07.03.2025 पर बैंक निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 48680 पॉइंट पर :- अगले कारोबार के लिए संभवित बैंक निफ्टी फ्यूचर 48474 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 48737 - 48808 अंक को छू सकता है बैंक निफ्टी फ्यूचर में प्रति यात्मक के लिए 48303 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!

**भारती एयरटेल ( 1640 ) :-** एयरटेल ग्रुप की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1606 रुपये के आसपास है। 1588 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1656 से 1664 रुपये की निर्धारित लक्ष्य की संभावना है...!! 1670 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!

**टाटा कॉम्युनिकेशन्स ( 1391 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार 1370 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउट!! 1353 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1408 रुपये से 1420 रुपये तक के लक्ष्य भाव की संभावना है...!!

**डॉ. रेड्डी लेबोरेटरी ( 1136 ) :-** फार्मा सेक्टर के शेयर में 1153 रुपये से 1160 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1088 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**ऑक्सिस बैंक ( 1039 ) :-** प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयर में 1055 रुपये से 1070 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 990 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**जेएसडब्ल्यू स्टील ( 1014 ) :-** 01 रुपये का फेसवैल्यूका फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 973 स्टॉप लॉस के साथ खरीदा जा सकने आर्यन | स्टील सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 1034 रुपये से 1040 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

**वोल्टास लि. ( 1405 ) :-** तकनीकी चार्ट के हॉउसहोल्ड एप्लायेंसिस सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 1388 रुपये से 1373 रुपये के आसपास लक्ष्य भाव की संभावना है । प्रतिक्रियात्मक के लिए 1450 का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!

**ग्लेनमार्क फार्मा ( 1404 ) :-** इस शेयर को 1444 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 1388 रुपये से 1380 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!! 1450 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल..!!

**गोदरेज कंज्यूमर ( 1045 ) :-** पर्सनल केर सेक्टर का यह स्टॉक 1090 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1023 रुपये से 1016 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!

**एसबीआई कार्ड्स ( 838 ) :-** नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी सेक्टर के इस शेयर को करीब 863 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 818 रुपये से 808 रुपये का टारगेट प्राइस रहने की संभावनाहै। ट्रेडिंग के लिए 870 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**टाटा केमिकल्स ( 816 ) :-** इस शेयर को करीब 838 रुपये का स्टॉपलॉस साथ बेचकर की टारगेट प्राइस 803 रुपये से लेकर 787 रुपये तक रहने की संभावना है। 844 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

**लेखक सेबी पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक और इन्वेस्टमेंट पोइन्ट के मालिक हैं।**

**विशेष नोट:- डिस्क्लेमर / नीति / शर्तें www.nikhilbhatt.in के अधीन...!!!**

**नोट: शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।**

| INDEX | | Above / Below | Conf. | | Normal Target | | On Trending times. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | T1 | T2 | T3 | T4 | T5 | T6 |
| NIFTY Spot | For BUY Above | 22,597 | 22,624 | 22,646 | 22,668 | 22,700 | 22,719 | 22,784 | 22,856 |
| | For SELL Below | 22,508 | 22,481 | 22,459 | 22,437 | 22,405 | 22,386 | 22,321 | 22,249 |
| Bk.Nifty Spot | For BUY Above | 48,551 | 48,583 | 48,610 | 48,636 | 48,674 | 48,697 | 48,775 | 48,861 |
| | For SELL Below | 48,444 | 48,412 | 48,385 | 48,359 | 48,321 | 48,298 | 48,220 | 48,134 |

Data based on previous day closing

Source: VAISHALI KALA

# लियो ड्राईफ्रूट्स एंड स्पाइसेस ट्रेडिंग ने नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी शुरू की

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** लियो ड्राईफ्रूट्स एंड स्पाइसेस ट्रेडिंग लिमिटेड प्रीमियम गुणवत्ता वाले मसालों, सूखे मेवों और किराना उत्पादों की सोर्सिंग, प्रोसेसिंग, ट्रेडिंग और मार्केटिंग करती है। कंपनी ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी के निदेशक मंडल ने भारत में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, लियो कैटरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के गठन को मंजूरी दे दी है। नई इकाई खाद्य खानपान सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार है। इसके प्रस्तावों में पैकेज्ड और लूज शाकाहारी भोजन सेवाओं से लेकर विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कि कार्य मों, सम्मेलनों, सेमिनारों, सांस्कृतिक और शैक्षिक समारोहों आदि में विशेष आइसक्रीम कैटरिंग तक के खानपान के कई विकल्प शामिल होंगे। लियो कैटरिंग सर्विसेज मिनरल और वातित जल के साथ-साथ अन्य गैर-अल्कोहल पेय पदार्थों की खरीद, संरक्षण और बिक्री का प्रबंधन करेगी, जो सभी इसकी पेशकशों के पूरक के रूप में तैयार किए गए हैं। इसके अलावा, यह पैकेज्ड और नॉन-पैकेज्ड शाकाहारी खाद्य पदार्थों की ज़रूरतों को पूरा करेगी, जिसमें कन्फेक्शनरी, बेक्ड गुड्स, सॉस और अन्य संबंधित उत्पाद शामिल हैं जो शाकाहारी आहार के पूरक हैं। सहायक कंपनी से भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कैफे, रेस्तरां, आइसक्रीम स्टोर, कियोस्क, क्विक सर्विस रेस्तरां और बेकरी जैसे विभिन्न खाद्य सेवा आउटलेट स्थापित करने और संचालित करने की भी उम्मीद है। यह कदम लियो ड्रायफ्रूट्स एंड स्पाइसेस ट्रेडिंग को अपने मौजूदा व्यापारिक परिचालन में विविधता हासिल करने की अनुमति देगा। खानपान व्यवसाय में उतरने से, कंपनी प्रीमियम सामग्री की सोर्सिंग से लेकर उन्हें पूर्ण खाद्य सेवा अनुभव के हिस्से के रूप में वितरित करने तक एक अधिक एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला बना सकती है।

# क्रांति इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 'क्वालिटी ऑस्ट्रिया सर्टिफिकेशन जीएमबीएच' ने आईएसओ 14001:2015 और आईएसओ 45001:2018 प्रमाण पत्र दिए

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** पूना आधारित आटोमोटिव कॉम्पोनेंट बनाने वाली कंपनी क्रांति इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी को 'क्वालिटी ऑस्ट्रिया सर्टिफिकेशन जीएमबीएच' ने आईएसओ 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन टीआई और आईएसओ 45001:2018 व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन प्रदान किए हैं। ये प्रमाणन कंपनी की प्रक्रियाओं, प्रणालियों और प्रबंधन प्रथाओं के गहन मूल्यांकन के बाद प्रदान किए गए हैं, जो पर्यावरणीय स्थिरता और कार्यस्थल सुरक्षा में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए कंपनी के समर्पण को उजागर करते हैं।

**कारोबारी गतिविधियां:** विविध उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ, क्रांति इंडस्ट्रीज लिमिटेड अत्याधुनिक तकनीक पर काम करती है। कंपनी का अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा एक डिजिटल स्मार्ट फैक्ट्री में बदल रहा है । यह उत्कृष्टता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कंपनी प्रबंधन को एक एंड-टू-एंड समाधान प्रदाता होने पर गर्व है, जो ऑटोमोटिव कॉम्पोनेंट्स की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए सटीक मशीनी कॉम्पोनेंट्स में विशेषज्ञता रखते हैं, जिसमें ऑटोमोटिव और इंजीनियरिंग दोनों उद्योगों के लिए ट्रांसमिशन, एक्सल, चेसिस, इंजन और अन्य शामिल हैं।

# महिला निवेशकों का म्यूचुअल फंड्स की ओर बढ़ता रुझान : फोनपे वेल्थ से अहम जानकारियाँ

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** फोनपे वेल्थ अपने प्लेटफॉर्म पर महिलाओं की म्यूचुअल फंड्स में बढ़ती भागीदारी के साथ-साथ उनके बढ़ते निवेश और योगदान में हो रही वृद्धि को सामने ला रहा है। महिला निवेशकों के बढ़ते योगदान और निवेश प्रतिबद्धता को देखते हुए, फोनपे वेल्थ ने 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक 1 लाख महिला निवेशकों के निवेश पैटर्न का विश्लेषण किया, और डेटा दर्शाते हैं कि महिलाएँ सोच-समझकर बड़े निवेश कर रही हैं और अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। उपरोक्त अवधि के डेटा से पता चलता है कि महिला निवेशकों का एवरेज सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) योगदान पुरुषों की तुलना में लगभग 22 प्रतिशत अधिक है, जबकि उनका एवरेज लम्पसम निवेश पुरुषों से लगभग 45 प्रतिशत अधिक रहा है। ये डेटा दर्शाते हैं कि महिलाएँ वित्तीय बाजारों और जोखिम को एक नए नजरिए से देख रही हैं। 'हम महिला निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और वित्तीय क्षेत्र में उनके बदलते योगदान की सराहना करते हैं,'– नीलेश डी नायक, हेड ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स, शेयर डॉट मार्केट (फोनपे वेल्थ)। उन्होंने आगे कहा, 'हमारे डेटा यह भी दर्शाते हैं कि अब महिला निवेशक न केवल भाग ले रही हैं, बल्कि सक्रिय रूप से निवेश भी कर रही हैं। हमारा मानना है कि महिला निवेशक वित्तीय रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर हैं। वे अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रही हैं और दीर्घकालिक सोच के साथ निवेश कर रही हैं। अब यह धारणा बदल चुकी है कि महिलाएँ वित्तीय मामलों में बेहद सतर्क रहती हैं।' महिलाओं के बदलते निवेश पैटर्न से वित्तीय उद्योग का स्वरूप बदल रहा है, जिससे उनकी जरूरतों को प्राथमिकता देना अब और भी जरूरी हो गया है। इस बदलाव को समझते हुए, फोनपे वेल्थ निवेशकों के लिए निवेश को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न संसाधन और टूल्स उपलब्ध करा रहा है, जिससे वे अपने निवेश को अच्छे से मैनेज कर सकें और अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकें।

**1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक फोनपे वेल्थ म्यूचुअल फंड्स की 1,00,000 महिला निवेशकों पर किए गए सर्वेक्षण के मुख्य निष्कर्ष:**

90% महिला निवेशक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के साथ शुरुआत करती हैं, जिससे पता चलता है कि वे अनुशासित और दीर्घकालिक निवेश को प्राथमिकता देती हैं।

महिला निवेशकों का एवरेज एसआईपी योगदान मूल्य रूपये 1300 है, जो पुरुषों की तुलना में 22% अधिक है।

महिला निवेशकों का एवरेज लम्पसम निवेश पुरुष निवेशकों की तुलना में 45% अधिक है।

महिलाएँ वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रही हैं, जिसमें महाराष्ट्र (20%), कर्नाटक (12%), और उत्तर प्रदेश (9%) का प्रमुख योगदान रहा है।

**A.K. SPINTEX LIMITED**

Regd. Office:-14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya-Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.)
Ph: 9887049006, 9929139002 • Email: akspintex@gmail.com • Website: www.akspintex.com
CIN: L17117RJ1994PLC008916

**NOTICE**

Notice is hereby given that an Extra Ordinary General Meeting ("EGM") of the members of A.K.Spintex Limited ("Company") will be held on Monday, 31st March, 2025 at 12:00 P.M. through Video Conferencing ("VC")/ Other Audio Visual Means ("OAVM") facility to transact the ordinary business as set out in the notice of EGM, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circulars dated 08th April 2020, 13th April 2020, 05th May 2020 and 13th January 2021, 14th December, 2021 and May 05th, 2022, December 28, 2022 and September 25, 2023 respectively, issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circular(s)") Further Securities Exchange Board of India vide its circular dated May 13, 2022 followed by the SEBI circular no. SEBI/HO/CFD//PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 05th January 2023 and October 07, 2023 issued by the Securities and Exchange Board of India permitting Listed entities to holding of AGM/EGM through VC/OAVM and to send their Notices or Annual reports in electronic mode ("SEBI Circular).

The electronic copies of the Notice of EGM have been sent to all the members whose e-mail IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). The dispatch of Notice of the EGM has been completed on 07th March, 2025. The above documents are also available on the Company's website i.e. www.akspintex.com, website of the BSE Limited i.e. www.bseindia.com and website of the Central Depository Services (India) Limited i.e. www.evotingindia.com.

In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is offering remote e-voting facility for its Members enabling them to cast their vote electronically in respect of the business to be transacted at the EGM of the Company. The Company has appointed Central Depository Services (India) Limited (CDSL) to provide e-voting facility.

The remote e-voting will commence from 09:00 A.M on Friday, March 28, 2025, and ends on 05:00 P.M on Sunday, March 30, 2025. The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the EGM is Monday, March 24, 2025. The detailed instructions for remote e-voting process are mentioned at Notes of the Notice of EGM.

The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also participate in the EGM through VC/OAVM facility but shall not be entitled to cast their vote again.

Any person who has acquired the shares and has become a member of the Company after the dispatch of the Notice of the EGM and prior to the Cut-off date, shall be entitled to exercise his/her vote either electronically i.e. remote e-voting or e-voting system on the date of the EGM by following the process mentioned in the Notice of the EGM.

In case of any queries, members may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com, under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact Mr. Rakesh Dalvi (022-23058542/43) or contact Mr. Ashish Kumar Bagrecha, Company Secretary of the Company at 14 K.M. Stone, chittor road, Biliya Kalan, Bhilwara-311001(Raj.), Tel: 91-9887049006 and email: akspintex@gmail.com.

M/s Anil Somani & Associates, (ACS 36055 COP 13379) has been appointed as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting in a fair and transparent manner. The results of the remote e-voting and e-voting at the EGM will be declared on or before Wednesday, 2nd April, 2025. The Results declared, along with the Scrutinizer's Report, shall be placed on the Company's website at www.akspintex.com and on the website of CDSL i.e. www.evotingindia.com for information of the Members besides being communicated to the Stock Exchange i.e. BSE Limited where the Company's shares are listed.

For A.K. SPINTEX LIMITED
Ashish Kumar Bagrecha
(Company Secretary & Compliance Officer)
M. No. A34182

Place: Bhilwara
Date: 07.03.2025

बिज़नेस रेमेडीज
वर्ष : 12 । अंक : 56

## सम्पादकीय

# अब भी महिलाएं समाज में कई चुनौतियों का कर रही हैं सामना



हिंदू पौराणिक कथाओं और इतिहास में महिलाओं की भूमिका जटिल और विविध रही है। महिलाओं को आज शक्तिशाली देवियों और समाज में उत्पीड़ित वर्ग के रूप में भी दिखाया गया है। जहां कथाएं शक्तिशाली देवियों से समृद्ध हैं, जिन्हें हिंदू धर्म में पूजा जाता है। इन देवियों में सबसे प्रसिद्ध देवी हैं, जो ब्रह्मांड के स्त्री सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करती हैं। देवी को विभिन्न रूपों में पूजा जाता है, जिनमें दुर्गा, काली और लक्ष्मी शामिल हैं। पुराने समय में भारत में महिलाओं का दर्जा ऊंचा था और वे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। ऋग्वेद में महिला कवियों की ओर से रचित मंत्र शामिल हैं, जो धार्मिक प्रथाओं में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाते हैं। हालांकि, जैसे-जैसे भारत अधिक पितृसत्तात्मक होता गया, महिलाओं की स्थिति में गिरावट आई और उन्हें विभिन्न प्रकार के भेदभाव का सामना करना पड़ा। इन चुनौतियों के बावजूद हिंदू इतिहास में महिलाओं ने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आधुनिक समय में भारत में महिलाओं ने समानता प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हालांकि, वे अब भी समाज में कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा, जिसमें यौन और घरेलू हिंसा शामिल है, एक गंभीर समस्या बनी हुई है। लगभग सभी बड़े संगठनों में एक आंतरिक प्रकोष्ठ होता है, जो लैंगिक हिंसा से संबंधित मुद्दों को सुलझाने का कार्य करता है।

यह महत्वपूर्ण है कि हम हिंदू पौराणिक कथाओं में महिलाओं के योगदान को पहचाने और सभी महिलाओं के लिए एक अधिक समान समाज बनाने की दिशा में कार्य करें।

**BR सूचना**

इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।
-संपादक

# नारी है स्नेह का स्रोत और मांगल्य का महामंदिर



**ललित गर्ग**

महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और उनके हक की लड़ाई की कहानी बयां करता है। इस वर्ष की थीम 'एक्सीलरेट एक्शन' यानी 'कार्रवाई में तेजी लाना' और 'तेजी से कार्य करना' रखी है। यह थीम हमें बताती है कि महिलाओं को अपने ऊपर बहुत मेहनत और तेजी से काम करने की जरूरत हैं। यह लोगों, सरकारों और संगठनों को महिलाओं के उत्थान, समान अवसर प्रदान करने और भेदभाव समाप्त करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है। इस दिवस का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। यह दिन महिलाओं के सशक्तिकरण, समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और राजनीति में उनके योगदान को पहचान दिलाने के साथ-साथ उनके अधिकारों और अवसरों की वकालत करता है। परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का है।

नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। दिल्ली एवं पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हो या केन्द्र में वित्तमंत्री, खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं कां विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। बीसवीं सदी की शुरुआत में महिलाओं ने अपने अधिकारों और बेहतर कार्य स्थितियों की मांग शुरू की थी। 1908 में न्यूयॉर्क में पन्द्रह हजार महिलाओं ने उचित वेतन और मतदान अधिकारों की मांग करते हुए मार्च निकाला। 1909 में अमेरिका ने पहली बार 'राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया। 1910 में, जर्मन कार्यकर्ता क्लारा जेटकिन ने इसे एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन बनाने का सुझाव दिया। 1911 में कई देशों में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1917 में, रूस की महिलाओं ने हड़ताल कर बेहतर परिस्थितियों की मांग की, जिससे 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता मिली। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 में इसे औपचारिक रूप से मान्यता दी, जिससे यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन बन गया। यह दिवस केवल जश्न का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि जब तक लैंगिक समानता पूरी तरह हासिल नहीं होती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर यह दिवस एक सार्थक वातावरण का निर्माण करने की आवश्यकता को व्यक्त करता है। जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। शताब्दियों से चली आ रही अर्थहीन परम्पराओं और आत्महीनता के मनोभावों को निरस्त करने के लिए प्रतिरोधात्मक चेतना का विकास करना नितांत अपेक्षित है। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, फिर भी कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं। समाज में आज भी घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइयां मौजूद हैं। अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें। जब तक स्त्री की अन्याय के प्रति विद्रोही चेतना का जागरण नहीं होता, वह अपने अस्तित्व को सही रूप में नहीं समझ सकती। उसे अपने परम्परागत महत्व एवं शक्ति को समझना होगा, वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतिदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती रही है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है? नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। नारी जाति के अलंकरण हैं- सादगी और सात्विकता। सत्यं, शिवं सुंदरं की समन्विति कृत्रिम संसाधनों से नहीं, अनंत स्तेज को निखारने से हो सकती है। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था-'नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है?

महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है। कभी वे परिवार के केंद्र में रहकर समग्र परिवार का संचालन करती हैं तो कभी अपने ही परिवार में उपेक्षित और प्रताड़ित होकर निष्क्रिय बन जाती है। इन विसंगतियों में संगति बिठाने के लिए महिलाओं को एक निश्चित लक्ष्य की दिशा में प्रस्थान करना होगा। बदलते परिवेश में आधुनिक महिलाएं मैथिलीशरण गुप्त के इस वाक्य-'आँचल में है दूध' को सदा याद रखें। उसकी लाज को बचाएँ रखें। एक ऐसा सेतु बने जो टूटते हुए को जोड़ सके, रुकते हुए को मोड़ सके और गिरते हुए को उठा सके। नन्हे उगते अंकुरों और पौधों में आदर्श जीवनशैली का अभिसिंचन दें, ताकि वे शतशाखी वृक्ष बनकर अपनी उपयोगिता साबित कर सकें। 'यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता'- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे 'भोग की वस्तु' समझकर आदमी 'अपने तरीके' से 'इस्तेमाल' कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है।

# महिलाओं की स्थिति समाज में बेहतर बनाने का संकल्प ले



**निधि खंडेलवाल, एडवोकेट, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजस्थान हाईकोर्ट, जयपुर**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, सम्पूर्ण विश्व में महिलाओं की उपलब्धियों, वित्तीय व सामाजिक क्षेत्रों में उनकी भागीदारियों तथा महिलाओं के अस्तित्व के सम्मान के प्रतीक के रूप में हर बर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है, जिसे विश्व महिला दिवस भी कहा जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा महिलाओं के अधिकारों के हनन को रोकने, लिंग आधारित हिंसा, भेदभाव, सामाजिक-आर्थिक असमानताओं जैसे मुद्दों पर सम्पूर्ण विश्व का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है। सन् 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मान्यता दी। सभी महिलाओं को अपने संवैधानिक, विधिक तथा सामाजिक व पारिवारिक कर्तव्यों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक होना अतिआवश्यक है। संविधान के अनुच्छेद-14 व 21 समानता तथा स्वतंत्रता के सम्बन्ध में लिंग के आधार पर भेदभाव को प्रतिषेध करती है। वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व में तथा यदि हम भारत देश की बात करें, तो लोकतांत्रिक सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण राजनीति में सक्रिय भागीदारी, लैंगिक समानता तथा भेदभाव रहित स्वच्छ माहौल में कार्य करने की समानता के संबंध में अनेक कानून बनाए गए हैं। जिनमे प्रमुख रूप से पोक्सो एक्ट, मातृत्व लाभ अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व ( रोकथाम) अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, तथा घरेलू हिंसा से रोकथाम अधिनियम आदि है। वर्तमान समय विचारणीय बिंदु यह है कि अनेकाएक कानून बनने के बाद भी महिलाओं को उनका उचित प्रतिनिधित्व तथा उचित संरक्षण नहीं मिल पा रहा है, जो कि विचारणीय बिंदु है इस समस्या का समाधान निकालने हेतु दूरदराज देहात क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु समय-समय पर जागरूकता कैंप लगाने आवश्यक है इस दिशा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राज्य विधिक सेवा अधिकरण तालुका स्तर तक सराहनीय कार्य कर रहे है। यह बात निर्विवाद रूप से सत्य है कि वर्तमान में विभिन्न क्षेत्र की महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र में सफलता की नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं तथा अनेक क्षेत्रों में उन्होंने नए आयाम स्थापित किए हैं जो ना केवल उनकी उपलब्धि को दर्शाता है बल्कि इसके पीछे छुपे उनके समर्पण विषय परिस्थितियों निर्णय लेने की क्षमता दक्षता व बुद्धिमत्ता का घोतक है। आज भी इस जगह पर महिलाओं को लैंगिक असमानता भेदभाव झेलना पड़ता है शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर रोजगार तक पुरुषों और महिलाओं के बीच एक गहरी खाई नजर आती है। कन्या भ्रूण हत्या के मामले आज भी आते हैं, महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। ज्यादातर स्त्रियों को परिवार में फैसला लेने का अधिकार और आजादी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में हमारा यह कर्तव्य है हम महिलाओं की स्थिति समाज में बेहतर बनाने को प्रयासरत रहने का संकल्प ले उनका क्रियान्वित करें यही महिला दिवस की सभी स्त्रियों को समाज की ओर से उचित सम्मान होगा।

## प्रोपर्टी

# एशिया प्रशांत क्षेत्र में 2024 में दोहरे अंक में बढ़ी ऑफिस स्पेस की मांग, भारत रहा सबसे आगे: रिपोर्ट

**बेंगलुरु/आईएएनएस।** एशिया प्रशांत (एपीएसी) के शीर्ष 11 बाजारों में ऑफिस स्पेस की मांग 2024 में 15.9 प्रतिशत बढ़कर 8.8 मिलियन स्क्वायर मीटर (94.7 मिलियन स्क्वायर फुट) हो गई है। इस बढ़त का नेतृत्व भारत, चीन और जापान की ओर से किया गया। यह जानकारी रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म कोलियर्स द्वारा शुक्रवार को जारी की गई रिपोर्ट दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 की दूसरी छमाही काफी मजबूत रही है। इस दौरान रीजन में ऑफिस स्पेस की मांग सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत बढ़कर 4.7 मिलियन स्क्वायर मीटर (50.6 मिलियन स्क्वायर फुट) पर पहुंच गई थी। यह तेजी 2025 में भी जारी रहने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत में ऑफिस मार्केट गतिविधि विशेष रूप से मजबूत रही, जहां 2024 के दौरान 6.17 मिलियन स्क्वायर मीटर (66.4 मिलियन स्क्वायर फीट) लीजिंग देखी गई, जो कि



दूसरी छमाही में मजबूत प्रदर्शन के कारण संभव हो पाया है। 2024 की दूसरी छमाही में 3.44 मिलियन स्क्वायर मीटर (37.0 मिलियन स्क्वायर फीट) ग्रॉस लीजिंग के साथ, भारत एपीएसी क्षेत्र में ऑफिस लीजिंग गतिविधि में अग्रणी बना रहा।

रिपोर्ट में बताया गया कि टेक्नोलॉजी फर्मों और फ्लेक्स स्पेस ऑपरेटरों ने मिलकर 2024 की दूसरी छमाही के दौरान भारत के शीर्ष छह शहरों में कुल टेक-अप का 46 प्रतिशत हिस्सा लिया। 2024 की दूसरी छमाही में 2.81 मिलियन स्क्वायर मीटर (30.3 मिलियन स्क्वायर फीट) से अधिक की नई आपूर्ति आई, जो शीर्ष छह शहरों में वार्षिक आधार पर 7 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की दूसरी छमाही में बेंगलुरु और हैदराबाद ने ऑफिस मार्केट गतिविधियों को लीड किया। भारत के ए ग्रेड के ऑफिस स्पेस की आपूर्ति और मांग में इन दोनों शहरों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक थी।

कोलियर्स ने रिपोर्ट में बताया कि एपीएसी रीजन में ऑफिस स्पेस मांग बढ़ने की वजह कॉरपोरेट विस्तार, ऑफिस में वापसी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स में बढ़त होना है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 2024 की दूसरी छमाही में भारत और जापान जैसे बाजारों में मांग में वृद्धि मजबूत रही और ऑस्ट्रेलिया में वृद्धि विशेष रूप से अधिक थी, इसकी वजह कम आधार होना था। हालांकि, 2024 की दूसरी छमाही में न्यूजीलैंड, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और ताइवान में लीजिंग गतिविधि अपेक्षाकृत धीमी रही।


**सदस्यता कूपन**




(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)

| अवधि | अंक | सदस्यता शुल्क |
|---|---|---|
| 1 वर्ष | 358 | 1050 |

E-mail
remediesbusiness@gmail.com

नामः ..............................
पताः ..............................
..............................पिनकोड..........
फोनः.................. मो. ..................
ड्राफ्ट/चैक का विवरणः ..............................
ई-मेलः ..............................

बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।
Bank Account:- Business Remedies
A/c No. 61233949765 Bank Name: SBI

पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
फोनः- 9166611333, 9929106227

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

**कोरियर सुविधा**

कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।


# उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड




**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** 'पेसिफिक एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन' ने राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री, डॉ. एलन सेंटएन्ज द्वारा दिया गया।

उप मुख्यमंत्री की ओर से पर्यटन विभाग के अधिकारी, अपर निदेशक आनंद त्रिपाठी, उप निदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है। राज्य सरकार, केंद्र सरकार के साथ मिलकर राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। राजस्थान के पर्यटन विभाग द्वारा देश और दुनिया के विभिन्न पर्यटन मंचों पर राजस्थान के पर्यटन की ब्रांडिंग हो रही है। इसी के तहत पेसिफिक एरिया ट्रैवल राइटर्स संगठन (पटवा) ने राजस्थान ने को यह सम्मान प्रदान किया है।

# चंडीगढ़ में प्रॉपर्टी खरीदना होगा महंगा, चार गुना बढ़े कलेक्टर रेट्स

**बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में कलेक्टर रेट्स को लेकर अलग-अलग संगठन जल्द ही प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे। अब जमीन की खरीद फरोख्त पर रजिस्ट्री करवाने के लिए लोगों को और जेब ढीली करनी होगी। चंडीगढ़ में रेट्स में बदलवा किया गया है, हालांकि, इसका विरोध भी शुरू हो गया है।

चंडीगढ़ के प्रॉपर्टी कंसलटेंट संगठन के प्रधान कमल गुप्ता ने बताया कि प्रशासन की नीतियों के कारण चंडीगढ़ की हालत खराब हो रही है। चंडीगढ़ में चार साल बाद प्रशासन ने कलेक्टर रेट्स में बड़ा बदलाव किया है। खासकर गाँव के इलाकों में कृषि भूमि की कीमत तीन से चार गुना तक बढ़ गई है, जबकि सेक्टर-1 से 12 में रेट डेढ़ गुना तक बढ़ाए गए हैं। इससे पहले 2021 और 2017 में कलेक्टर रेट्स संशोधित किए गए थे।



कमल गुप्ता ने बताया कि आवासीय कलेक्टर रेट्स दोगुने कर दिए गए हैं। मार्केट पहले ही धीमी चल रही थी, अब ऐसा लग रहा है कि काम रुक जाएगा। कमर्शियल रेट्स पहले ही ज्यादा थे। सेक्टर-17, 34 आदि के रेट्स घटाने की मांग की जा रही थी, अब प्रॉपर्टी बेचना मुश्किल हो जाएगा। प्रशासन लगातार जनता विरोधी फैसले ले रहा है। जल्द ही एसोसिएशन की तरफ से प्रदर्शन किया जाएगा। उनके मुताबिक, पहले ही कमर्शियल चीजों के रेट्स बहुत ज्यादा बढ़े हुए थे और हम मांग कर रहे थे कि इन्हें घटाया जाए, लेकिन प्रशासन ने और बढ़ा दिए हैं, अब हालात यह हो गए हैं कि जिनके एग्रीमेंट हुए हैं, वे फंस चुके हैं, क्योंकि 1 अप्रैल से कलेक्टर रेट्स में इजाफा होने पर उन्हें ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, जिससे लोग परेशान हो चुके हैं।

जानकारी के अनुसार, सेक्टर-1 से 12 तक के एरिया की प्रॉपर्टी का कलेक्टर रेट डेढ़ गुना बढ़ा दिया गया है। इसी तरह, औद्योगिक क्षेत्र के फेज-1 और 2 में कमर्शियल प्लॉट का कलेक्टर रेट प्रति गज 62 हजार से बढ़ाकर 83 हजार रुपये कर दिया गया है, जबकि फेज-3 के कलेक्टर रेट्स भी पहली बार तय किए गए हैं. हालांकि, यहां पर कुछ विकास नहीं हुआ है। उधर, कोयला डिपो, शहरवासियों और व्यापारियों ने विरोध जताया है। लोहा बाजार, लकड़ी बाजार, ट्रांसपोर्ट क्षेत्र का कलेक्टर रेट 92,664 रुपये से बढ़ाकर 98,800 रुपये प्रति वर्ग गज कर दिया गया है, जिससे फ्लैट मालिकों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। जिन रिहायशी प्लॉटों को नर्सिंग होम, अस्पताल आदि में परिवर्तित किया गया है, उनका 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क चार्ज किया जाएगा, जबकि व्यावसायिक उपयोग में परिवर्तित औद्योगिक क्षेत्र में 5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क चार्ज किया जाएगा।

**अन्य मंजिलों का क्या रेट होगाः** इसके अलावा, फर्स्ट फ्लोर 4,050 रुपये से बढ़ाकर 10,220 रुपये प्रति वर्ग फीट, सेकेंड फ्लोर 3,645 रुपये से बढ़ाकर 9,140 रुपये प्रति वर्ग फीट, थर्ड फ्लोर 3,280 रुपये से बढ़ाकर 7,900 रुपये प्रति वर्ग फीट कर दिया गया है। सेक्टर-14 से 37 एरिया में 10 मरले की कोठी का पंजीकरण 3.70 करोड़ रुपये तय किया गया है।

# एमसीएक्स पर कॉटन-केंडी वायदा के भाव में रु.180 की वृद्धिः मेंथा तेल में सुधार

**सोना वायदा के भाव में रु.69 और चांदी वायदा में रु.336 की गिरावटः क्रूड ऑयल फ्यूचर्स रु.89 की बढ़तः कमोडिटी वायदाओं में रु.7729.03 करोड़ और कमोडिटी ऑप्शंस में रु.52310.28 करोड़ का टर्नओवरः सोना-चांदी के वायदाओं में रु.4186.76 करोड़ का कारोबारः बुलियन इंडेक्स बुलडेक्स फ्यूचर्स 20527 पॉइंट के स्तर पर**

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

देश के अग्रणी कमोडिटी डेरिवेटिव्स एक्सचेंज एमसीएक्स पर कमोडिटी वायदा, ऑप्शंस और इंडेक्स फ्यूचर्स में रु.60040.33 करोड़ का टर्नओवर दर्ज हुआ। कमोडिटी वायदाओं में रु.7729.03 करोड़ का कारोबार हुआ, जबकि कमोडिटी ऑप्शंस में रु.52310.28 करोड़ का नॉशनल टर्नओवर हुआ। बुलियन इंडेक्स बुलडेक्स मार्च वायदा 20527 पॉइंट के स्तर पर कारोबार हो रहा था। कमोडिटी ऑप्शंस में कुल प्रीमियम टर्नओवर रु.916.19 करोड़ का हुआ।

कीमती धातुओं में सोना-चांदी के वायदाओं में रु. 4186.76 करोड़ की खरीद बेच की गई। एमसीएक्स सोना अप्रैल वायदा रु.85740 पर खूलकर, रु.86060 के दिन के उच्च और रु.85713 के नीचले स्तर को छूकर, रु. 86034 के पिछले बंद के सामने रु.69 या 0.08 फीसदी औंधकर रु.85965 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इनके अलावा गोल्ड-गिनी मार्च वायदा रु.74 या 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ रु.69783 प्रति 8 ग्राम के भाव से कारोबार हो रहा था। जबकि गोल्ड-पेटल मार्च वायदा रु. 7 या 0.08 फीसदी गिरकर रु.8755 प्रति 1 ग्राम के भाव पर ट्रेड हो रहा था। सोना-मिनी अप्रैल वायदा सत्र के आरंभ में रु.85799 के भाव पर खूलकर, रु.86031 के दिन के उच्च और रु.85721 के नीचले स्तर को छूकर, रु.58 या 0.07 फीसदी लुढ़ककर रु.85944 प्रति 10 ग्राम बोला गया। चांदी के वायदाओं में चांदी मई वायदा रु.97956 पर खूलकर, रु.98200 के दिन के उच्च और रु.97801 के नीचले स्तर को छूकर, रु.98141 के पिछले बंद के सामने रु.336 या 0.34 फीसदी औंधकर रु.97805 प्रति किलो के भाव पर ट्रेड हो रहा था। इनके अलावा चांदी-मिनी अप्रैल वायदा रु.280 या 0.29 फीसदी गिरकर रु. 97772 प्रति किलो बोला गया। जबकि चांदी-माइक्रो अप्रैल वायदा रु.285 या 0.29 फीसदी लुढ़ककर रु.97775 प्रति किलो हुआ।

मेटल वर्ग में रु.1353.98 करोड़ के ट्रेड दर्ज हुए। तांबा मार्च वायदा रु.4.15 या 0.47 फीसदी गिरकर रु.886.7 प्रति किलो के भाव पर पहुंचा। जबकि जस्ता मार्च वायदा रु. 1.25 या 0.45 फीसदी औंधकर रु.274.55 प्रति किलो के भाव से कारोबार हो रहा था। इसके सामने एल्यूमीनियम मार्च वायदा 10 पैसे या 0.04 फीसदी टूटकर रु.264.3 प्रति किलो हुआ। जबकि सीसा मार्च वायदा 80 पैसे या 0.44 फीसदी की नरमी के साथ रु.180.8 प्रति किलो के भाव पर पहुंचा। इन जिंसों के अलावा कारोबारियों ने एनर्जी सेगमेंट में रु. 2215.48 करोड़ के सौदे किए। एमसीएक्स क्रूड ऑयल मार्च वायदा रु.5798 पर खूलकर, रु.5883 के दिन के उच्च और रु.5784 के नीचले स्तर को छूकर, रु.89 या 1.54 फीसदी तेज होकर यह कॉन्ट्रैक्ट रु. 5873 प्रति बैरल पर आ गया। जबकि क्रूड ऑयल-मिनी मार्च वायदा रु.87 या 1.5 फीसदी की बढ़त के साथ रु. 5870 प्रति बैरल के भाव से कारोबार हो रहा था। इनके अलावा नैचुरल गैस मार्च वायदा सत्र के आरंभ में रु. 372.7 के भाव पर खूलकर, रु. 373.9 के दिन के उच्च और रु.364.7 के नीचले स्तर को छूकर, रु.373.9 के पिछले बंद के सामने रु.9 या 2.41 फीसदी औंधकर रु.364.9 प्रति एमएमबीटीयू बोला गया। जबकि नैचुरल गैस-मिनी मार्च वायदा रु.9.3 या 2.49 फीसदी औंधकर रु.364.9 प्रति एमएमबीटीयू के भाव से कारोबार हो रहा था। कृषि जिंसों में मेंथा ऑयल मार्च वायदा सत्र के आरंभ में रु.930 के भाव पर खूलकर, रु.2.6 या 0.28 फीसदी की बढ़त के साथ रु.933 प्रति किलो बोला गया। कॉटन केंडी मार्च वायदा रु.180 या 0.34 फीसदी की तेजी के संग रु.52840 प्रति केंडी हुआ। कारोबार की दृष्टि से एमसीएक्स पर सोना के विभिन्न अनुबंधों में रु.2795.16 करोड़ और चांदी के विभिन्न अनुबंधों में रु.1391.60 करोड़ की खरीद बेच की गई। इसके अलावा तांबा के वायदाओं में रु. 966.08 करोड़, एल्यूमीनियम और एल्यूमीनियम-मिनी के वायदाओं में रु.103.43 करोड़, सीसा और सीसा-मिनी के वायदाओं में रु.56.96 करोड़, जस्ता और जस्ता-मिनी के वायदाओं में रु.227.52 करोड़ का कारोबार हुआ। इन जिंसों के अलावा क्रूड ऑयल और क्रूड ऑयल-मिनी के वायदाओं में रु.495.97 करोड़ के ट्रेड दर्ज हुए। जबकि नैचुरल गैस और नैचुरल गैस-मिनी के वायदाओं में रु.1719.52 करोड़ का कारोबार हुआ। मेंथा ऑयल के वायदा में रु.1.48 करोड़ की खरीद बेच की गई। जबकि कॉटन केंडी के वायदाओं में रु.0.06 करोड़ का कारोबार हुआ। ओपन इंटरेस्ट सोना के वायदाओं में 18532 लोट, सोना-मिनी के वायदाओं में 24336 लोट, गोल्ड-गिनी के वायदाओं में 7788 लोट और गोल्ड-पेटल के वायदाओं में 107704 लोट के स्तर पर था। जबकि चांदी के वायदाओं में 21774 लोट, चांदी-मिनी के वायदाओं में 30236 लोट और चांदी-माइक्रो वायदाओं में 104781 लोट के स्तर पर था। क्रूड ऑयल के वायदाओं में 8293 लोट और नैचुरल गैस के वायदाओं में 20834 लोट के स्तर पर था। इंडेक्स फ्यूचर्स में बुलडेक्स मार्च वायदा 20503 पॉइंट पर खूलकर, 20535 के उच्च और 20503 के नीचले स्तर को छूकर, 9 पॉइंट घटकर 20527 पॉइंट के स्तर पर कारोबार हो रहा था।

कमोडिटी ऑप्शंस ऑन फ्यूचर्स में क्रूड ऑयल मार्च रु.5900 की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति बैरल रु.28.9 की बढ़त के साथ रु.106.8 हुआ। जबकि नैचुरल गैस मार्च रु.370 की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति एमएमबीटीयू रु.5.75 की गिरावट के साथ रु.16.7 हुआ।

सोना मार्च रु.86000 की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति 10 ग्राम रु.27.5 की गिरावट के साथ रु.1091.5 हुआ। इसके सामने चांदी अप्रैल रु.100000 की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति किलो रु.170 की गिरावट के साथ रु.2412.5 हुआ। तांबा मार्च रु.900 की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति किलो रु.2.1 की गिरावट के साथ रु.7.36 हुआ। जस्ता मार्च रु.275 की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति किलो 67 पैसे की नरमी के साथ रु.3.42 हुआ। पुट ऑप्शंस में क्रूड ऑयल मार्च रु.5800 की स्ट्राइक प्राइस का पुट ऑप्शन प्रति बैरल रु.44.8 की गिरावट के साथ रु.91.4 हुआ। जबकि नैचुरल गैस मार्च रु.370 की स्ट्राइक प्राइस का पुट ऑप्शन प्रति एमएमबीटीयू रु.3.4 की बढ़त के साथ रु.21.7 हुआ। सोना मार्च रु.85000 की स्ट्राइक प्राइस का पुट ऑप्शन प्रति 10 ग्राम बिना बदलाव के रु.687 हुआ। इसके सामने चांदी अप्रैल रु.95000 की स्ट्राइक प्राइस का पुट ऑप्शन प्रति किलो रु.19 की गिरावट के साथ रु.1900 हुआ। तांबा मार्च रु.880 की स्ट्राइक प्राइस का पुट ऑप्शन प्रति किलो रु.1 की बढ़त के साथ रु.9.42 हुआ। जस्ता मार्च रु.270 की स्ट्राइक प्राइस का पुट ऑप्शन प्रति किलो 41 पैसे के सुधार के साथ रु.2.05 हुआ।

## कालातीत भव्यता के साथ मनाएं महिला दिवसः केनडियर बाय कल्याण ज्वैलर्स के ज्वेलरी पीस से लगाए चार चांद

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

इस महिला दिवस पर, केनडियर के शानदार गहनों के साथ अपनी भीतर की शक्ति और भव्यता को उजागर करें। कैंडेरे का उत्कृष्ट संग्रह हर महिला की अद्वितीयता और साहस का प्रतीक है, जिसमें शानदार स्टेटमेंट रिंग से लेकर नाजुक झुमके तक, हर अवसर के लिए उपयुक्त आभूषण शामिल हैं। चाहे आप खुद को एक विशेष उपहार देना चाहें या अपने जीवन की असाधारण महिलाओं को सम्मानित करना चाहें, कैंडेरे के गहने एक आदर्श विकल्प हैं। ये सदाबहार डिजाइन हर पल को यादगार बनाते हैं और आपकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। आत्मविश्वास, सुंदरता और व्यक्तित्व के प्रतीक कैंडेरे के गहनों के साथ अपनी चमक बिखेरें और अपनी अनूठी यात्रा का जश्न मनाएं।

**ज्वेलरी पीस :** चमकदार पीले सोने में सजी यह रिंग अपनी शानदार बनावट से सबका दिल जीत लेगी। इसके बीच में बसा चमकता मोती इसे कोमलता और नजाकत का एहसास देता है, जबकि डायमंड जड़ी बटरफ्लाई डिजाइन इसमें झिलमिलाती चमक का खास स्पर्श जोड़ती है। चाहे खास मौके के लिए हो या रोजमर्रा का खूबसूरत स्टाइल स्टेटमेंट- यह रिंग नारीत्व की खूबसूरती को बयां करते हुए आपके ज्वेलरी कलेक्शन का अनमोल हिस्सा बन जाएगी।

केनडियर के काज डायमंड लेयर्ड नेकलेस के साथ महिला दिवस मनाएं, यह परिष्कार और चमक का एक बेहतरीन मिश्रण है। चमकीले पीले सोने में तैयार, यह दो-परत वाली उत्कृष्ट कृति चमकदार हीरों से सजी है, जो एक सुंदर नाशपाती के आकार के ड्रॉप पेंडेंट में झलकती है। एक महिला के लचीलेपन और शान का एक आदर्श प्रतिबिंब, यह नेकलेस हर अवसर पर कालातीत आकर्षण जोड़ता है।

केनडियर की मोती और डायमंड ड्रॉप इयररिंग्स के साथ इस महिला दिवस पर नारीत्व की खूबसूरती का जश्न मनाएं। चमकीले पीले सोने में गढ़ी ये नाजुक इयररिंग्स, चमकदार मोतियों से सजी हैं जो पवित्रता और नज़ाकत का प्रतीक हैं। इनकी चमक को बढ़ाते हैं झिलमिलाते डायमंड्स, जो आत्मविश्वासी और सशक्त महिला की चमकदार शख्सियत को दर्शाते हैं। फूलों से प्रेरित डिजाइन और सजीली गोल्ड चेन डिटेलिंग इन इयररिंग्स में नारीत्व की कोमलता का स्पर्श जोड़ती है।

तीन चमकदार जेम स्टोन से सजा यह बेमिसाल नेकलेस जुनून और मजबूती का प्रतीक है, जिसे खूबसूरत डायमंड्स से जड़े स्लीक फ्रेम में संजोया गया है।

## अदाणी समूह ने नौ देशों की महिला राजदूतों का स्वागत किया

**बिज़नेस रेमेडीज/अहमदाबाद/आईएएनएस**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले अदाणी ग्रुप ने गुजरात के खावड़ा और मुंद्रा में समूह की परियोजनाओं में नौ देशों की महिला राजदूतों के एक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया, जहां उन्होंने भारत की क्लीन एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट की प्रगति को करीब से देखा।

प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिमी भारत के कच्छ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र खावड़ा का दौरा किया, जहां भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी दुनिया का सबसे बड़ा क्लीन एनर्जी प्लांट विकसित कर रही है। पेरिस शहर से पांच गुना बड़े क्षेत्र में फैले इस 30 गीगावॉट के सोलर और विंड एनर्जी प्रोजेक्ट से भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को स्वच्छ, किफायती और विश्वसनीय ऊर्जा के माध्यम से पूरा किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने देखा कि किस तरह इस परियोजना में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया, जिसमें महिला इंजीनियरों द्वारा संचालित एनर्जी नेटवर्क ऑपरेशंस सेंटर भी शामिल है।

## हिन्दुस्तान जिंक द्वारा जावर में समाधान पहल के तहत् उन्नत नस्ल गोवत्स प्रदर्शनी आयोजित

**बिज़नेस रेमेडीज**

हिन्दुस्तान जिंक जावर माइन्स के ग्रामीण विकास कार्यक्र म के अंतर्गत संचालित समाधान परीयोजना के तहत जावर माइन्स के सामुदायिक केंद्र में उन्नत नस्ल गोवत्स प्रदर्शनी आयोजन किया गया। जिसमें महिला किसानों सहित 15 गावों के 25 से अधिक किसानों ने भाग लिया जिन्हें पशुधन के स्वास्थ्य और उत्पादकता में सुधार के उद्देश्य से समाधान के कृत्रिम गर्भाधान (एआई) से लाभ हुआ है।

इस अवसर पर समाधान परीयोजना के परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी तथा परीयोजना द्वारा जावर माइन्स क्षेत्र में चल रही पशुपालन गतिविधियों की सविस्तार जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य एवं विषिष्ट अतिथि पशुपालन विभाग जयसमंद के नोडल अधिकारी डॉ. राजेन्द्र डोरवाल एवं हिन्दुस्तान जिंक जावर माइन्स के एसबीयू डायरेक्टर राम मुरारी थे। राम मुरारी ने पशुपालकों से हिन्दुस्तान जिंक और बायफ संस्था द्वारा आसपास के गांवो में चलाई जा रही कृषि एवं पशुपालन गतिविधियों की सराहना करते हुए किसानो से अधिक से अधिक लाभ उठाने




का आव्हान किया। कार्यक्रम में बायफ॔ द्वारा चलाई जा रही पशुपालन गतिविधियॉ तथा उनके द्वारा होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी व बायफ द्वारा प्रयोग किऐ जा रहे सोर्टेस सीमेन के महत्व पर प्रकाष डाला। तत्पश्यात् कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथि डॉ. डोरवाल ने किसानों को पशुपालन से अपने जीवन स्तर में वृद्धि एवं खेती के साथ पषुपालन करने से अपनी आय में बढोतरी करने के उपाय सुझाऐं तथा साथ ही विभाग द्वारा चल रही विभिन्न प्रकार की परीयोजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को पशुधन के लिए अच्छे पोषण और स्वच्छता प्रथाओं के महत्व पर सलाह दी और जोर दिया कि ये दीर्घकालिक स्वास्थ्य और उत्पादकता के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के दौरान, कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से गर्भाधान किए गए सबसे स्वस्थ बछड़ों को सम्मानित किया गया और पहल की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले किसानों का भी सम्मान किया गया। हिन्दुस्तान ज़िंक की समाधान परियोजना से प्रदेश के 5 जिलों में 30, हजार से अधिक किसान परिवार लाभान्वित हो रहे है। इनमें से 3 हजार से अधिक महिला किसान विभिन्न कृषि नवाचारों को अपनाने के लिये प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्नत कृषि से जुड़ी हैं, जबकि अन्य 5 हजार से अधिक ने बेहतर कृषि और पशुपालन की नवीन तकनीक पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके अलावा, 10 हजार से अधिक किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों पर प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण हेतु जोडने के साथ ही सरकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया गया है। 15 हजार से अधिक किसानों को हाई-टेक सब्जी की खेती, लो टनल फार्मिंग, ट्रेलिस फार्मिंग, मशरूम फार्मिंग, बागवानी आदि के लिए सहायता दी गयी है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ गौतमबुद्ध नगर में 900 करोड़ की परियोजनाओं परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे

**बिज़नेस रेमेडीज ग्रेटर नोएड/आईएएनएस**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दिनभर गौतमबुद्ध नगर में रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री करीब 900 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते यातायात विभाग की तरफ से ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। इसके अलावा चप्पे-चप्पे पर यातायातकर्मियों के साथ करीब 500 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे।

सीएम योगी जारचा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का लोकार्पण और जनसभा करेंगे। नोएडा और ग्रेटर नोएडा दोनों स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के मुताबिक, वह शनिवार सुबह 10.15 बजे हिंडन एयरपोर्ट पर उतरेंगे। इसके बाद सेक्टर-128 जेपी विशटाउन में बने हैलीपेड पर 10.55 बजे पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से सेक्टर-132 स्थित सीफी कंपनी पहुंचकर इसका लोकार्पण करेंगे। यहां डाटा सेंटर बनाया गया है। इसके बाद अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक, मुख्यमंत्री सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट कंपनी पहुंचकर भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद कुछ दूरी पर स्थित एमएक्यू कंपनी के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां से 12.40 बजे हेलीकॉप्टर से ग्रेनो स्थित एक्सपो मार्ट के लिए रवाना होंगे। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग के जरिए शारदा अस्पताल के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दादरी जाएंगे, जहां अवाडा कंपनी का 1.5 गीगावाट मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग गीगा फैक्टरी का उद्घाटन और 5 गीगावाट इंटीग्रेटड सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का इकोटेक-16 में भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद जारचा में जनसभा और प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के दौरान विभिन्न स्थानों पर सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही (150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)।

भारत में तकरीबन 65-70 फीसदी ग्रामीण आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि एवं कृषि से संबंधित गतिविधियों पर



निर्भर करती है। ऐसे में पशु और मवेशी ग्रामीणों के लिए आजीविका और उनके आर्थिक कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के 7वें संस्करण का आयोजन किया, जिसका विषय था 'मेरा पशु मेरा परिवार'। इस आयोजन के माध्यम से कंपनी ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में पशुओं के महत्व पर रोशनी डाली। सालाना पशु विकास दिस के आयोजन में 6000 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जो ग्रामीण कल्याण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शांतनु मित्रा, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर एवं प्रबन्ध निदेशक, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा कि एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हम समाज कल्याण के प्रयासों द्वारा समाज पर सकारात्मक प्रभाव की उत्पत्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश भर में 1000 से अधिक शाखाओं के साथ हमारा ध्यान मुख्यतः टियर 2 नगरों पर केन्द्रित है जहाँ हमारी 90 फीसदी शाखाएं स्थित हैं। वास्तव में पिछले दो सालों में हमने तकरीबन 300 नई शाखाएं खोली हैं और ये सभी शाखाएं टियर-2 नगरों में ही खोली गई हैं। हमारा उद्देश्य सही उत्पादों एवं वित्तीय समाधानों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और समुदायों को सशक्त बनाना है।'

## लिटरेसी इण्डिया ने खेती के लिए महिलाओं को ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण दिया

**बिज़नेस रेमेडीज**

ग्रास रूट लेवल पर महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित एक अग्रणी नॉन प्रॉफिट ऑरगेनाइजेशन, लिटरेसी इण्डिया ने 'खेती के लिए ड्रोन' की एक इनोवटिव इनिशिएटिव शुरू की है, जो जैण्डर इन्क्लूसिव एग्रीकल्चर एडवांसमेंट में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह कार्यक्रम, वर्तमान में राजस्थान के झालावाड में महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित कर रहा है, जिसका मकसद उन्हें कृषि दक्षता और स्थिरता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक कौशल से लैस करना है। इसके अंतर्गत पारंपरिक कृषि प्रणालियों के साथ आधुनिक तकनीक को एकीकृत करके, लिटरेसी इण्डिया महिलाओं के नेतृत्व वाली एग्री इनोवेशन की एक नई लहर को ब?ावा दे रहा है। यह पहल स्किल डेवलपमेंट और आत्मनिर्भरता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त



बनाने के लिए लिटरेसी इण्डिया की व्यापक प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है।

**भविष्य के लिए एक विजन :** टिकाऊ और समावेशी कृषि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर, लिटरेसी इण्डिया का लक्ष्य महिलाओं के लिए ड्रोन प्रशिक्षण का विस्तार करना है, जिससे उन्हें सटीक खेती में सशक्त बनाया जा सके। यह कृषि सखी पहल को और मजबूत करेगा, जिसमें अधिक महिलाओं को एग्रीकल्चर लीडर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, अतिरिक्त गांवों तक पहुंच बढ़ाई जाएगी, और आधुनिक तकनीकों को टिकाऊ बनाने के साथ ही उन्हें एकीकृत करने को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि एक अधिक लचीला और आत्मनिर्भर कृषि ईको सिस्टम तैयार हो सकेगा।

इस बारे में सदला गांव के प्रगतिशील किसान और किसान नेता कन्हैलाल का कहना है ''ऑरगेनिक फॉर्मिंग ने मिट्टी की उर्वरकता में सुधार के साथ ही इनपुट लागत में कमी और फसल की पैदावार में वृद्धि करके हाशिए पर पड़े किसानों को सशक्त बनाया है। इस टिकाऊ दृष्टिकोण ने न केवल इन किसानों ने अपनी उत्पादकता को बढ़ाया है, बल्कि छोटे किसानों के लिए बेहतर आय और दीर्घकालिक कृषि व्यवहार्यता भी सुनिश्चित की है। लिटरेसी इण्डिया की इनिशिएटिवस के साथ, किसान अब कृषि विज्ञान केन्द्र की सुविधाओं, जैसे मिट्टी परीक्षण तकनीक और अन्य सरकारी समर्थित सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम हैं, जिससे उनकी कृषि पद्धतियों में काफी सुधार हुआ है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) झालावाड़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. टी. सी. वर्मा ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ''लिटरेसी इण्डिया द्वारा इस क्षेत्र में ड्रोन पायलट प्रशिक्षण आयोजित करना बेहद उत्साहजनक है। सरकार के इनिशिएटिव के तहत, प्रशिक्षित महिलाओं को नमो दीदी योजना के माध्यम से शुरुआती अवसर प्राप्त होंगे, ताकि उन्हें कृषि नवाचार में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस इनिशिएटिव के बारे में लिटरेसी इण्डिया की फाउण्डर कैप्टन इंद्राणी सिंह ने कहा, कि खेती के लिए ड्रोन' कार्यक्रम टिकाऊ कृषि के साथ टेक्नोलॉजी को एक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, साथ ही इस क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा मिल सकेगा। महिलाओं को उन्नत कौशल से लैस करके, हम न केवल कृषि उत्पादकता बढ़ा रहे हैं, बल्कि खेती में लिंग-समावेशी नवाचारों की दिशा में एक सांस्कृतिक बदलाव भी ला रहे हैं।'' उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए कहा यह इनिशिएटिव मेरे लिए विशेष महत्व रखती है। एक दशक से भी पहले, जब मैंने पहली बार झालावाड़ में कदम रखा था, मैंने देखा कि युवा लड़कियों की शादी कम उम्र में कर दी जाती है, उनकी क्षमता का दोहन नहीं किया जाता, उनके सपने सीमित हो जाते हैं। एक महिला एविएटर के रूप में, मैं उनके सामने खड़ी थी मैने अपनी यात्रा को उनके साथ साझा किया, संभावनाओं के बारे में बात की, और उनसे अपने कम्यूनिटीज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने का आग्रह किया।

# अमेरिका में रहने वाले लाखों यूक्रेन के नागरिकों की होगी 'घर वापसी'! : ट्रंप

**बिज़नेस रेमेडीज/ वाशिंगटन/आईएएनएस**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह इस बात पर विचार कर रहे हैं कि युद्ध की वजह से अमेरिका में रह रहे लाखों यूक्रेनी नागरिकों की अस्थायी संरक्षित स्थिति को रद्द किया जाए या नहीं, हालांकि इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

अमेरिकी मीडिया के मुताबिक ट्रंप ने ओवल ऑफिस में मीडिया कहा कि हम किसी को चोट पहुंचाना नहीं चाहते, मैं इस पर विचार कर रहा हूं, और कुछ लोग सोचते हैं कि यह उचित है, कुछ लोग नहीं सोचते हैं, और मैं जल्द ही इस पर निर्णय लूंगा। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन के लोगों को बहुत कुछ सहना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई जब मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि ट्रंप प्रशासन ने लगभग 2,40,000 यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा रद्द करने की योजना बनाई है। ये लोग फरवरी 2022 में यक्रेन पर रूसी हमले के बाद अमेरिका आ गए थे। अगर यूक्रेनी लोगों की सुरक्षा रद्द की जाती है तो यह कदम उन व्यक्तियों को निर्वासित करने के लिए आधार तैयार करेगा। हालांकि व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस रिपोर्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि कोई फैसला नहीं लिया गया है।

बाइडेन प्रशासन ने घोषणा की थी कि वह यूक्रेन के लोगों को 'यूनाइटिंग फॉर यूक्रेन' के माध्यम से देश में प्रवेश की अनुमति देगा। प्रवासियों को दो साल के लिए देश में पैरोल पर रहने की अनुमति दी जाएगी। बशर्ते वे अमेरिका स्थित प्रायोजक को सुरक्षित करने में सक्षम हों। बाइडेन प्रसाशन की तरफ से अपने कार्यकाल के आखिरी महीने में यह ऐलान भी किया गया कि वह यूक्रेनवासियों के लिए अस्थायी संरक्षित स्थिति (टीपीएस) को अक्टूबर 2026 तक बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने इसी तरह के अन्य प्रोग्राम को भी निशाना बनाया है जो हैती, क्यूबा, निकारागुआ और वेनेजुएला के नागरिकों को देश में प्रवेश की अनुमति देते हैं। जनवरी में होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने अमेरिका में रहने वाले लगभग 6,00,000 वेनेजुएलावासियों की अस्थायी संरक्षित स्थिति को निलंबित कर दिया था, और उसके बाद लगभग 5,20,000 हैतीवासियों के लिए भी इसी प्रकार का कदम उठाया गया। इन कार्रवाइयों के कारण अनेक मुकदमें दायर किए गए हैं, जिनमें शरणार्थियों के प्रवेश पर रोक और वेनेजुएला के नागरिकों के लिए टीपीएस को रद्द करने को चुनौती देना भी शामिल है।

# चीन में पहले दो महीनों में माल का कुल आयात-निर्यात मूल्य 65 खरब 40 अरब युआन रहा

**बिज़नेस रेमेडीज/ बीजिंग/आईएएनएस**

चीनी राजकीय कस्टम महाब्यूरो ने आंकड़े जारी किए कि इस वर्ष के पहले दो महीनों में, चीन में माल के आयात और निर्यात का कुल मूल्य 65 खरब 40 अरब युआन था, जो पिछले साल की इस समान अवधि से 1.2 प्रतिशत की कमी थी। इनमें निर्यात 38 खरब 80 अरब युआन था, जो पिछले साल की इस समान अवधि से 3.4 फीसदी की वृद्धि है। आयात 26 खरब 60 अरब युआन था, जो गत वर्ष के पहले दो महीनों की तुलना में 7.3 प्रतिशत की कमी है।

चीनी राजकीय कस्टम महाब्यूरो के सांख्यिकी और विश्लेषण विभाग के निदेशक ल्वी ताल्यांग ने कहा कि पहले दो महीनों में, सभी क्षेत्रों और विभागों ने बाहरी वातावरण के प्रतिकूल प्रभाव का सक्रिय रूप से जवाब दिया और चीन के विदेशी व्यापार संचालन आम तौर पर स्थिर रहे। आंकड़ों के अनुसार, पहले दो महीनों में, चीन ने 23 खरब 30 अरब युआन मूल्य के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का निर्यात किया, जो पिछले साल की इस समान अवधि से 5.4 फीसदी की वृद्धि है। इसके अलावा, निजी उद्यमों की नवोन्मेषी शक्ति का प्रदर्शन जारी है। पहले दो महीनों में, निजी उद्यमों का आयात और निर्यात कुल 36 खरब 90 अरब युआन रहा, जो गत वर्ष के पहले दो महीनों की तुलना में 2 प्रतिशत की वृद्धि है। उनमें से, उच्च तकनीक उत्पादों का आयात और निर्यात मूल्य 624 अरब युआन था, जो समान उत्पादों के कुल आयात और निर्यात मूल्य का 49.3 प्रतिशत था। आसियान चीन का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है।

# प्रधानमंत्री मोदी 11-12 मार्च को करेंगे मॉरीशस का दौरा : विदेश मंत्रालय

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11-12 मार्च को मॉरीशस का दौरा करेंगे और मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, कि प्रधानमंत्री मोदी 11 और 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए मॉरीशस में रहेंगे। यह समारोह 12 मार्च को मनाया जाएगा। भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भी समारोह में भाग लेगी। जायसवाल ने कहा, कि प्रधानमंत्री ने आखिरी बार 2015 में मॉरीशस का दौरा किया था। आगामी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी मॉरीशस के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री से मिलेंगे। वह देश के महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ कई अन्य बैठकें करेंगे। पिछले महीने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने देश की संसद को प्रधानमंत्री मोदी की आगामी यात्रा के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने संसद को संबोधित करते हुए कहा, ÷मुझे सदन को यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरे निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनने पर सहमति व्यक्त की है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वास्तव में हमारे देश के लिए एक विशेष सम्मान की बात है।

# लोगों में निवेश का विजन शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा तीन स्तंभों पर आधारित : पीएम मोदी

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

'इनवेस्टिंग इन पीपल' थीम पर बजट के बाद एक वेबिनार आयोजित किया गया, इसमें उच्च शिक्षा विभाग के साथ-साथ कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय प्रमुख रूप से शामिल हुआ। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित 'नेशनल सेन्टर्स ऑफ़ एक्सीलेन्स फॉर स्किलिंग' पर एक विशेष ब्रेकआउट सेशन का आयोजन किया। इस सेशन में राज्य सरकारों, उद्योग जगत, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और शिक्षाविदों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो बजट घोषणा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक रोडमैप तैयार करने के लिए एक साथ आए।

वेबिनार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों में निवेश का विजन तीन स्तंभों - शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर आधारित है। 2014 से अब तक हमने 3 करोड़ से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है, 1000 आईटीआई को अपग्रेड करने की योजना की घोषणा की है, और हम वैश्विक भागीदारी के साथ पांच सेन्टर ऑफ़ एक्सीलेन्स स्थापित कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे युवा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। माननीय प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पीएम इंटर्नशिप योजना उद्योगों के साथ साझेदारी करके युवाओं को नए अवसर और व्यावहारिक कौशल प्रदान कर रही है।



भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री, जयन्त चौधरी ने भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार डिजिटल दक्षताओं से लैस करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय एआई रेडीनेस (एसओएआर) प्रोग्राम के लिए स्किलिंग डेवलप कर रहा है, जिसका उद्देश्य कक्षा 6 से ही वोकेशनल ट्रेनिंग के साथ एआई साक्षरता को एकीकृत करना है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि एसओएआर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कौशल-आधारित शिक्षा के विज़न के अनुरूप है और इसका उद्देश्य कम्प्यूटेशनल थिंकिंग, प्रॉब्लम-सॉल्विंग और इन्डस्ट्री-अलाइन्ड एआई स्किल्ड को बढ़ावा देना है। स्टैकेबल माइक्रो-क्रेडेंशियल्स, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और ग्लोबल टेक लीडर्स के साथ साझेदारी के माध्यम से, छात्र फाउंडेशनल एआई लर्निंग से लेकर एडवांस्ड करियर तक सहजता से ट्रांजिशन करने में सक्षम होंगे, जिससे एआई पावरहाउस के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने आगे कहा कि जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, भारत न केवल एआई-ड्रिवन इन्डस्ट्रीज़ के लिए अपने वर्कफोर्स को तैयार कर रहा है, बल्कि एआई इनोवेटर्स और लीडर्स की अगली पीढ़ी को आकार दे रहा है, जिससे इन्क्लूसिव ग्रोथ और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो रही है। जैसे-जैसे हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के करीब पहुंच रहे हैं, मंत्री ने सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि भी की है कि वह शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं के लिए और अधिक अवसर देगी।

नेशनल सेन्टर्स ऑफ़ एक्सीलेन्स फॉर स्किलिंग पर ब्रेकआउट सेशन का संचालन मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी ने किया तथा इसका संयोजन मंत्रालय की आर्थिक सलाहकार अर्चना मायाराम ने किया। पैनलिस्टों में वर्ल्ड स्किल सेन्टर्स, ओडिशा की सीईओ रश्मिता पांडा, कर्नाटक सरकार की केएसडीसी की सीआईटीई और एमडी सुश्री रागप्रिया, गुजरात सरकार के श्रम, कौशल विकास एवं रोजगार सचिव डॉ. विनोद राव, वर्ल्ड बैंक की लीड एजुकेशनल स्पेशलिस्ट मिस शियाओयान लियांग, सिंगापुर एजुकेशनल कंसल्टिंग ग्रुप के फाउंडर और पार्टनर एन वरप्रसाद, सिंगापुर की आईटीई एजुकेशन सर्विसेज़ के सीईओ सुरेश नटराजन, इंस्टीट्यूट ऑफ कॉम्पिटिटिवनेस के चेयरमैन अमित कपूर, टाटा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स के सीईओ सब्यसाची दास, रिलायंस फाउंडेशन के हेड-स्किलिंग सुदर्शन और जेएंडके सीमेंट्स लिमिटेड के वोकेशनल एजुकेशन एंड स्किल हेड आशीष सिंह शामिल थे। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने चर्चाओं का संचालन करते हुए उद्योग साझेदारी और अंतरराष्ट्रीय स्टेकहोल्डर्स के साथ जुड़कर ग्लोबल एक्सपर्टाइज़ का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों और शिक्षाविदों के साथ मजबूत साझेदारी बनाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि बजट घोषणा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स को एक साथ आना चाहिए।



# पंजाब नेशनल बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया

**बिज़नेस रेमेडीज/हैदराबाद**




एक समावेशी और विविधतापूर्ण कामकाज के वातावरण को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हुए, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने, दिल्ली के द्वारका स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और देश भर की अपनी सभी शाखाओं में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। वैश्विक थीम 'एक्सेलरेट एक्शन' को अपनाते हुए, इस कार्यक्रम में वित्तीय समावेशन, नेतृत्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे पहलों के माध्यम से सभी स्तरों पर महिलाओं को सशक्त बनाने में बैंक के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एथलीट और मैराथन आइकन डॉ. सुनीता गोदरा की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनकी प्रेरणादायक यात्रा ने सभी उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य किया। उनकी उपस्थिति ने लचीलापन, दृढ़ता और बाधाओं को तोड़ने की शक्ति के महत्व को सुदृढ़ किया। इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए , के एमडी एवं सीईओ, अशोक चंद्र ने कहा कि जैसे-जैसे भारत एक अधिक समतामूलक और समावेशी भविष्य की ओर बढ़ रहा है, पीएनबी महिलाओं के सशक्तिकरण को गति देने में एक समर्पित भागीदार बना हुआ है - क्योंकि जब महिलाएं फलती-फूलती हैं, तो राष्ट्र समृद्ध होता है। महिलाओं को सशक्त बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है बल्कि सामाजिक प्रगति के लिए आवश्यक भी है। हम बाधाओं को तोड़ने और महिलाओं के नेतृत्व, वित्तीय स्वतंत्रता और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने वाली पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने महिला कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की भी घोषणा की और पीएनबी से अपनत्व की उनकी प्रबल भावना के प्रति उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महिलाओं को प्रगति में एक केंद्रीय शक्ति के रूप में स्थापित करने के उनके आत्मविश्वास को मजबूत करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि महिलाओं का समर्थन न केवल कार्यस्थलों को बदलता है बल्कि व्यापक स्तर पर समाज के लिए नए मानक भी स्थापित करता है।

लैंगिक समानता और आर्थिक सशक्तिकरण में दृढ़ विश्वास के साथ, पीएनबी खास तौर पर महिला उद्यमियों के अनुरूप बनाए गए वित्तीय समाधानों और डिजिटल नवाचारों के माध्यम से निरंतर समर्थन कर रहा है। उदाहरण के लिए, पीएनबी वन बिज़ ऐप महिला नेतृत्व वाली एसएमई के लिए एक गेम-चेंजर के रूप में उभरा है, जो व्यवसाय संचालन को सरल बनाने वाले सहज ई-बैंकिंग समाधान प्रदान करता है। ऐसी ही एक सफलता की कहानी जयपुर में निर्माण सामग्री के व्यापार से जुड़ी मंजू सिंह की है। पीएनबी वन बिज़ ऐप के

# एचडीएफसी बैंक, भारतीय सेना और सीएससी अकादमी ने 26 नए स्थानों पर प्रोजेक्ट नमन का विस्तार किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक, भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस ने भारतीय आर्मी के वेटरन्स के निदेशालय (डीआईएवी) के 26 स्थानों पर वेटरन्स को श्रद्धांजलि का विस्तार करने के लिए प्रोजेक्ट 'नमन' समझौता ज्ञापन को नवीनीकृत किया है। प्रोजेक्ट नमन को सेना के दिग्गजों, उनके परिवारों और उनके निकट संबंधियों को सहायता और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

ये सीएससी केंद्र, जो सेना के दिग्गजों या उनके परिवारों या निकट संबंधियों द्वारा संचालित किए जाएंगे, रक्षा प्रतिष्ठानों के भीतर ही उनके दरवाजे पर पेंशन संबंधी सेवाएं, सरकार से नागरिक (जी2सी) सेवाएं और व्यवसाय से उपभोक्ता (बी2सी) सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। एचडीएफसी बैंक के वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और भागीदारी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यापार प्रमुख सत्येन मोदी, सीएससी अकादमी के




सीईओ और भारतीय आर्मी के वेटरन्स के निदेशालय के ब्रिगेडियर प्रवीण चांदेकर ने स्मिता भगत, समूह प्रमुख - एचडीएफसी बैंक, सीएससी अकादमी के अध्यक्ष संजय राकेश, लेफ्टिनेंट जनरल, डीजी - भारतीय सेना और भारतीय सेना, एचडीएफसी बैंक और अन्य अधिकारियों के सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दूसरे चरण में, परियोजना का विस्तार राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, मेघालय, बिहार, ओडिशा और नई दिल्ली में 26 डीआईएवी स्थानों तक किया जाएगा। परियोजना के पहले चरण को सितंबर 2023 में 14 डीआईएवी स्थानों पर कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना के साथ हरी झंडी दिखाई गई थी।

# अमिताभ मुखर्जी ने एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला

**बिज़नेस रेमेडीज/हैदराबाद**




अमिताव मुखर्जी ने 6 मार्च 2025 से एनएमडीसी के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद पर कार्यभार संभाल लिया है।

भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1996 बैच के अनुभवी अधिकारी मुखर्जी ने भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुँचने से पहले भारत सरकार में विभिन्न पदों पर सेवाएं दी हैं। अपने दूरदर्शी नेतृत्व के साथ, श्री मुखर्जी मार्च 2023 से सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) और नवंबर 2018 से निदेशक (वित्त) के रूप में एनएमडीसी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वे एनएमडीसी स्टील लिमिटेड तथा लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में, एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2024 में 45 मिलियन टन उत्पादन को पार करने वाली भारत की पहली लौह अयस्क खनन कंपनी बनकर ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। उन्होंने एनएमडीसी को कंपनी के इतिहास में अब तक के सबसे अधिक टर्नओवर और नेटवर्थ तक पहुंचाया है।

अत्याधुनिक डिजिटल और तकनीकी इंफ्रास्ट्रकचर को अपनाया और देश की एकमात्र मशीनीकृत हीरा खदान में प्रचालन फिर से प्रारंभ किया। मुखर्जी ने एनएमडीसी स्टील प्लांट के चालू होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो अब बस्तर का गौरव बन चुका है। उनके नेतृत्व में कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया में स्वर्ण खनन में प्रगति की है और ग्लोबल खनन महाशक्ति बनने की दिशा में कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ चुकी है। मुखर्जी ने प्रमुख निवेश रणनीतियों को क्रियान्वित करने, वित्तीय अनुशासन को मजबूत करने तथा एनएमडीसी को जिम्मेदार खनन के भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में नवरत्न कंपनी 2030 तक 100 मिलियन टन की खनन क्षमता बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर बढ़ रही है।

# एमसीएक्स-आईपीएफ कॉमक्वेस्ट 2025 का 7वां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

छात्रों के लिए कमोडिटी बाजारों पर एक प्रमुख राष्ट्रीय स्तर की एजुकेशनल क्विज़, एमसीएक्स-आईपीएफ कॉमक्वेस्ट 2025 का 7वां संस्करण, 4 मार्च, 2025 को मुंबई में एक ग्रेंड फिनाले के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एमसीएक्स इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड (एमसीएक्स-आईपीएफ) द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 10,000 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 44 प्रतिशत छात्राएं थीं। एमसीएक्स-आईपीएफ कॉमक्वेस्ट के इस संस्करण में भाग लेने के लिए 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 220 शहरों के 650 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को आकर्षित किया गया, जो पिछले संस्करण की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। यहां पर यह बता दे कि पिछले संस्करण में 25




राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों तथा 140 शहरों के 460 संगठनों ने भाग लिया था।

प्रतिभागी छात्रों का कमोडिटी बाजार के बारे में ज्ञान और व्यापक समझ का मूल्यांकन तीन महीने की अवधि में स्क्रीनिंग इंटरव्यू, केस स्टडी और पैनल चर्चा सहित कई चरणों के माध्यम से किया गया। जोनल राउंड्स दिल्ली-एनसीआर, भुवनेश्वर, कोलकाता और मुंबई में आयोजित किये गये। एमसीएक्स-आईपीएफ कॉमक्वेस्ट क्विज प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह मुंबई के सांताक्रूज पूर्व के कलिना में मुंबई विश्वविद्यालय परिसर के प्रतिष्ठित ग्रीन टेक्नोलॉजी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।कमोडिटी बाजार क्षेत्र में वित्तीय साक्षरता फैलाने और उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों और कमोडिटी बाजार की इकोसिस्टम के बीच एक स्थायी इंटरफेस को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में, एमसीएक्स-आईपीएफ कॉमक्वेस्ट को 2019 में लॉन्च किया गया था, जो एमसीएक्स इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड (एमसीएक्स-आईपीएफ) के चल रहे जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है। एमसीएक्स-आईपीएफ कॉमक्वेस्ट छात्रों को कमोडिटी इकोसिस्टम से जुड़ने में मदद करता है, जिससे उन्हें एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉरपोरेशन और बाजार मध्यस्थों जैसे मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टिट्यूशंस सहित मूल्य श्रृंखला के हितधारकों की महत्वपूर्ण भूमिकाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलती है। एमसीएक्स की मैनेजिंग डिरेक्टर और चीफ एक्जक्यूटिव ऑफिसर सुश्री प्रवीणा राय ने कहा, कि एमसीएक्स-आईपीएफ कॉमक्वेस्ट ने अपनी स्थापना के बाद से ही छात्रों में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा और जुनून को लगातार बढ़ाया है। कमोडिटी बाजार की पेचीदगियों का पता लगाने के लिए उन्हें एक मंच प्रदान करके, इसने वित्तीय साक्षरता और उद्योग जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रत्येक संस्करण के साथ इस प्रतियोगिता ने गति पकड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिभागियों और संगठनों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है। जिस तरह एमसीएक्स-आईपीएफ कॉमक्वेस्ट क्विज़ की मात्रा और प्रभाव में वृद्धि जारी है, यह छात्रों के लिए अपने ज्ञान का विस्तार करने, उद्योग के अग्रणीओं के साथ जुड़ने और कमोडिटी बाजारों के क्षेत्र में भविष्य की खोजों का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है।

विविध प्रतिभा पूल में योगदान देने वाले प्रतिस्पर्धी आठ फाइनलिस्टों में इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट-भुवनेश्वर, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड (IIFT)-कोलकाता, VAM-NICOM-पुणे, एन.एल. दालमिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ एंड रिसर्च-मुंबई, क्ध्रुस्न्नश्च्ष्ट॥-नोएडा, दिल्ली एनआरसी, एसआरएम युनिवर्सिटी-एपी-विजयवाड़ा और IIM-त्रिची के छात्रों शामिल हैं।

# पहाड़ों की लॉन्ग ड्राइव के साथ धरती पर ही जन्नत का नजारा दिखाता है मुनस्यारी

**बिज़नेस रेमेडीज/उत्तराखंड**



अधिकतर लोगों की चाहत होती है कि जब भी सुबह उनकी आंखें खुले तो सामने चमकता हिमालय और लाली बिखेरता सूरज दिखाई पड़े। अपनी इस तमन्ना अगर आप पूरा करना चाहते हैं तो उत्तराखंड का खूबसूरत मुनस्यारी आपको अपने पास बुला रहा है। हिल स्टेशन तो सारे खूबसूरत होते हैं लेकिन हर हिल स्टेशन की अपनी अलग खूबसूरती और विशेषता होती है। उत्तराखंड की चोटी पर बसा मुनस्यारी काफी खूबसूरत है। समुद्र तल से 2300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित मुनस्यारी को कुदरत का वरदान प्राप्त है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, बर्फीली चोटियां, हरे-भरे खूबसूरत जंगल, हिमालय वस्पतियों और वन्य जीवन के लिए मुनस्यारी विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। मुनस्यारी की खूबसूरती को देखते हुए इसे उत्तराखंड मिनी कश्मीर कहा जाता है।

## ब्रिथी वॉटरफॉल

बिर्थी जल प्रपात उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी के पास तेजम से लगभग 14 किमी दूर स्थित है। यह झरना समुद्र तल से 400 फीट ऊपर से गिरता है और इसे कलामुनी दर्रे के पास से गुजरता है। बिर्थी जलप्रपात मुनस्यारी से लगभग 35 किमी दूर है और एक छोटे ट्रेक द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है। ट्रेकिंग सफर के बीच आप आसपास के प्राकृतिक दृश्यों का आनंद भी ले सकते हैं। ब्रिथी वॉटरफॉल कि खास बात है कि यह झरना बारिश हो, गर्मी या फिर सर्दी का मौसम हर समय एक जैसा रहता है। इसका पानी कभी कम नहीं होता है।

## कलामुनी टॉप

अगर आप मुनस्यारी जा रहे हैं वहां पर आप कलामुनी टॉप भी घूम सकते हैं। कलामुनी टॉप घूमने के लिए काफी मशहूर जगह है। सबसे ऊंचाई पर होने के कारण इस जगह को कलामुनी टॉप कहा जाता है। कलामुनी जगह का महत्व यहां के प्राचीन मंदिर बढ़ाते हैं। मुनस्यारी से कलामुनी पहुंचने के लिए आपको 14 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। यह जगह समुद्रतल से 9600 फीट की ऊंचाई पर बसी हुई है।

## थमरी कुंड

कुमाऊं घाटी के अंदर बसा ये झरना काफी खूबसूरत है। यह एक बारहमासी झील है जहां की सैर मुनस्यारी घूमने वालों को तो जरूर करनी चाहिए। यह जगह भी काफी खूबसूरत और रोमांचिक हैं। यहां आकर आप अपने पार्टनर के साथ काफी खुशनुमा वक्त गुजार सकते हैं। यहां की सुंदरता को पेपर के मोटे वृक्षों और भी बढ़ा देते हैं। यहां पर आने के लिए भी आपको ट्रेक करना होगा। ट्रेक के माध्यम से मुख्य शहर से इस झील तक पहुंचने के लिए लगभग 8 घंटों का वक्त लग जाता है। इसलिए अगर आप यहां पर आना चाहते हैं तो शहर से सुबह ही निकलें।

## महेश्वरी कुंड

मुनस्यारी से कुछ समय की दूरी पर बसा है महेश्वरी कुंड। यह एक प्राचीन झील है जिसके पीछे कई कहानियां है। यहां के लोगों का कहना है कि इस झील को परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त है। इस झील से पौराणिक मान्यताएं भी जुड़ी हुई हैं।

## मैडकोट

मुनस्यारी से लगभग 5 किलोमीटर उपर जाने के वाद मैडकोट पड़ता है। मैडकोट अपने गर्म पानी के प्राकृतिक कुंड के लिए प्रसिद्ध है। इस जगह की मान्यता है कि अगर इस प्राकृतिक रूप से निकलते गर्म पानी से त्वचा संबंधी रोग, बदन दर्द और गठिया जैसी बीमारियां ठीक हो जाती है। यहां पर काफी शांति रहती है। भीड़भाड़ काफी कम रहती है। शांति में बैठने का मन है तो आप यहां घंटों गुजार सकते हैं।

मुनस्यारी जाना है तो सबसे अच्छा है कि आप अपनी गाड़ी से या फिर टैक्सी से जाएं। अगर आपको ट्रेन से जाना है तो काठगोदाम तक आप ट्रेन से जा सकते हैं वहां से मुनस्यारी लगभग 280 किलोमीटर दूरी पर है। काठगोदाम से भी आपको टैक्सी मिल जाएगी। यहां से बसें भी जाती हैं लेकिन यह बसें सीधे मुनस्यारी तक आपको नहीं पहुंचाती हैं। बस आपको अलमोड़ा तक की मिलेगी। अलमोड़ा से आपको मुनस्यारी की अगल बस लेनी पड़ेगी। पंतनगर एअरपोर्ट मुनस्यारी से लगभग 310 किलोमीटर दूर है।

# केरल में अष्टमुडी रिजॉर्ट में कुदरत की बेमिसाल खूबसूरती के बीच बिताएं सुकून के कुछ पल

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

केरल में राजसी अष्टमुडी झील के किनारे स्थित, क्लब महिंद्रा के अष्टमुडी रिजॉर्ट को आप सिर्फ ठहरने की एक और जगह मानेंगे तो यह गलत होगा।

यह रिजॉर्ट सुकून और विलासिता की अद्भुत सिम्फनी है। जैसे ही आप इस सुरम्य क्षेत्र में कदम रखते हैं, कुदरत की बेमिसाल खूबसूरती आपका स्वागत करती है। आप इसका सम्मोहन कुछ ऐसा है कि आप सहज रूप से प्रकृति के साथ घुल-मिल जाते हैं, जिससे यह भारत में सबसे आकर्षक हॉलिडे डेस्टिनेशन में से एक बन जाता है। केरल की थोड़ी कम पहचानी खूबसूरत जगह अष्टमुडी झील अपने आप में अनेक आकर्षण समेटे हुए है। इन्हीं में से एक है- 'फिन्ज - द फ्लोटिंग रेस्तरां' जहां आप भोजन का एक बेहद सुखद अनुभव हासिल कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह एक बहुत लुभावना रेस्तरां है। लकड़ी की छतें, बेंत की कुर्सियाँ, और इन सबके साथ ढलते हुए सूरज की मोहक चमक - कुल मिलाकर आपके डाइनिंग एक्सपीरियंस को एक नई पहचान देते हैं। रसीले झींगे से लेकर असली करीमीन फिश करी तक- जिसे फूले हुए अप्पम या पुट्टू - उबले हुए चावल के केक के साथ परोसा जाता है, इनके साथ लजीज और स्वादिष्ट समुद्री भोजन का आनंद लेते हुए झील के लुभावने दृश्यों का मजा लें। फिन्ज में भोजन करना एक बढ़िया भोजन अनुभव से कहीं अधिक है; यह सभी उम्र के लोगों के लिए फाइन डाइन का एक शानदार मौका है। अष्टमुडी झील के मनमोहक तटों से परे अनुभवों की एक ऐसी सीरीज भी है, जिसे पहले कभी नहीं तलाशा गया था। कथकली के जीवंत कला रूप को देखें, या फिर अष्टमुडी झील और कल्लादा नदी के मुहाने पर एक रमणीय स्वर्ग, मुनरो द्वीप के लिए एक क्रूज की सवारी करें, अथवा पारंपरिक और पर्यावरण-अनुकूल कॉयर मेकिंग कला को बेहद नजदीक से देखें और साथ में वन्य जीवों की अठखेलियों का आनंद उठाएं- हर रूप में अष्टमुडी रिजॉर्ट आपको लुभाएगा। क्लब महिंद्रा का अष्टमुडी रिजॉर्ट दरअसल विलासिता का एक बेहतरीन नमूना है, जहां अष्टमुडी झील का शांत, सुरम्य पानी प्राकृतिक सुंदरता के साथ विलासिता और समृद्धि का सहज मेल प्रस्तुत करता है। विशाल, बड़े कमरे और तैरते हुए कॉटेज अद्वितीय आराम प्रदान करते हैं, जबकि पारंपरिक स्पा मेहमानों को कायाकल्प का आनंद लेने के लिए प्रेरित करता है। शांति का यह रमणीय नखलिस्तान न केवल अपने लुभावने परिवेश से लुभाता है बल्कि एक ऐसे माहौल में कुछ पल बिताने के लिए भी आकृष्ट करता है, जहां हर लम्हा विलासिता और शांति से सुसज्जित है। अपना प्रवास बुक करें और एक ऐसी दुनिया में जाएँ जहाँ विलासिता प्रकृति से मिलती है, एक ऐसा अनुभव पैदा करती है जो सामान्य से परे है - क्लब महिंद्रा अष्टमुडी में छुट्टियाँ बिताना केरल की अद्वितीय सुंदरता को बेहद करीब से निहारना और शांति के अद्भुत लम्हों को हासिल करने जैसा है।

# इंडिगो सीट कैपेसिटी मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन बनी

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**

इंडिगो एयरलाइंस सीट कैपेसिटी के मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन बन गई है। यह 2024 में सालाना आधार पर 134.9 मिलियन सीटों से 10.1 प्रतिशत बढ़कर 134.9 मिलियन से अधिक हो गई है।

आधिकारिक एयरलाइन गाइड (ओएजी) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन को कतर एयरवेज के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है, जिसने पिछले वर्ष की तुलना में सीट कैपेसिटी में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इंडिगो को 2024 में फ्लाइट फ्रिक्वेंसी ग्रोथ के मामले में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन के रूप में स्थान दिया गया है, जो सालाना आधार पर 9.7 प्रतिशत है। आंकड़ों से पता चलता है कि एयरलाइन ने इस साल 749,156 फ्लाइट फ्रिक्वेंसी दर्ज की। ओएजी ने यह भी दर्ज किया है कि इंडिगो के पास दुनिया के सबसे बड़े विमान ऑर्डर में से एक है, जिसमें 900 से अधिक विमान ऑर्डर पर हैं और 2024 के दौरान 58 नए एयरबस विमानों का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है। हालांकि, एयरलाइन के पास एमआरओ से जुड़े सप्लाई चेन मुद्दों के कारण निष्क्रिय विमानों का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 80 विमान) है। जबकि इंडिगो की 88 प्रतिशत कैपेसिटी घरेलू बाजारों को आवंटित की जाती है, अंतरराष्ट्रीय विकास एयरलाइन की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें 2024 के दौरान क्षेत्रीय मध्य मिडल ईस्ट मार्केट और थाईलैंड पर ध्यान केंद्रित किया गया है।



# जिंदल इंडिया इंस्टीट्यूट ने भारत में 'इंडिया स्टडीज' में पहला एम.ए. पाठ्यक्रम शुरू किया

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**

जिंदल इंडिया इंस्टीट्यूट (जेआईआई) ने 5 मार्च को जेजीयू इंटरनेशनल एकेडमी, ताज महल होटल, मान सिंह रोड, नई दिल्ली में एक वर्षीय "एम.ए. इन इंडिया स्टडीज' कार्यक्रम की शुरुआत की जो पूरी तरह ऑनलाइन है। जेआईआई ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) का हिस्सा है।

इंडिया स्टडीज में मास्टर डिग्री का पहला ऐसा कार्यक्रम है जो किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा पेश किया गया है। इस कोर्स का उद्देश्य भारत को उसकी बौद्धिक परंपराओं और वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिकोण से समझने का अवसर देना है। आज के दौर में, जब भारत की वैश्विक पहचान लगातार बढ़ रही है, यह कोर्स भारत की संस्कृति, समाज और दृष्टिकोण को गहराई से समझने की जरूरत को पूरा करता है। यह कार्यक्रम पूरी तरह ऑनलाइन है, जिससे खासतौर पर कामकाजी लोग दुनिया के किसी भी कोने से भारत की विविध सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर का अध्ययन कर सकते हैं। यह पाठ्यक्रम खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए उपयोगी है, जैसे विदेशी राजनयिक, दुनियाभर में फैले भारतीय मूल के लोग, कारोबारी, भारत के प्रति गहरी रुचि रखने वाले व्यक्ति और भारत व दक्षिण एशिया के शोधकर्ता। यह उन्हें भारत की समृद्ध सभ्यता और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की मौजूदा प्रासंगिकता को गहराई से समझने का अवसर देता है।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में एक परिचर्चा हुई, जिसका विषय था–'भारत को समझना : कूटनीति में भारत संबंधी विशेष ज्ञान की भूमिका।' इसमें चार प्रमुख राजनयिक शामिल हुए, जिन्होंने उच्च स्तर पर भारत के साथ काम किया है।



इस पैनल में शामिल थे - प्रोफेसर (डॉ.) अनिल सुकलाल (दक्षिण अफ्रीका के भारत में उच्चायुक्त), मारियानो अगस्टिन काउचिनो (अर्जेंटीना के भारत में राजदूत), गनबोल्ड डंबजाव (मंगोलिया के भारत में राजदूत), रोमन बाबुश्किन (रूस के दूतावास में मंत्री-सलाहकार एवं उप मिशन प्रमुख)। सभी पैनल सदस्यों ने अपने विचार साझा किए कि भारत के बारे में गहरी और विशेष जानकारी होने से राजनयिक प्रभावशीलता कैसे बढ़ती है और द्विपक्षीय व बहुपक्षीय संबंध कैसे मजबूत होते हैं। पैनल सदस्यों ने भारत के साथ अपने अनुभव और भावनाओं को भी व्यक्त किया, जिसमें उन्होंने भारत की विशालता, जटिलता और बढ़ते वैश्विक महत्व के बारे में बात की। मारियानो अगस्टिन ने स्वीकार किया कि जब वे भारत आए तो उनके पास भारत की सीमित जानकारी थी, लेकिन जल्द ही उन्होंने इसकी व्यापकता और गतिशीलता को समझ लिया। उन्होंने भारत को 'भविष्य का देश' कहा। गनबोल्ड डंबजाव ने भारत और मंगोलिया के गहरे आध्यात्मिक संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा कि हम भारत में हैं, तो हमें कर्म की बात करनी ही चाहिए। उन्होंने यह भी माना कि वे अभी भी भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को समझने की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने भारत को मंगोलिया का आध्यात्मिक पड़ोसी बताया। रोमन बाबुश्किन स्वयं को इंडोफाइल मानते हैं। उन्होंने भारत में रूसी राजनयिकों को मिलने वाली आत्मीयता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दो चीजें दुनिया में कहीं और नहीं मिलती- भारतीय शादियां और भारतीय चुनाव। प्रो. अनिल सूकलाल भारतीय प्रवासी समुदाय से भी जुड़े हैं। उन्होंने ने इंडिया स्टडीज प्रोग्राम को अति आवश्यक बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम भारत को गहराई से समझने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बनेगा। उन्होंने भारत की विविधता पर जोर देते हुए कहा कि भारत का हर राज्य एक अलग देश जैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम दुनिया को भारत के साथ उसके वास्तविक स्वरूप में जुड़ने में मदद करेंगे। इस कार्यक्रम में 45 से अधिक प्रतिष्ठित मेहमान शामिल थे, जिनमें विभिन्न देशों के राजनयिक, वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रमुख सदस्य मौजूद थे।

# टीसीएस ने प्रौद्योगिकी और नागरिक भागीदारी के जरिये डेंगू से निपटने के लिए डेनिश एकेडमी ऑफ टेक्निकल साइंसेज के साथ साझेदारी की

**बिज़नेस रेमेडीज/कोपेनहेगन**

वैश्विक स्तर पर आईटी सेवा, परामर्श और व्यावसायिक समाधान क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस) ने डेंगू बुखार और अन्य वायरल रोगों के प्रकोप से निपटने के लिए डेनिश एकेडमी ऑफ टेक्निकल साइंसेज (एटीवी) की वैश्विक सामाजिक नवोन्मेष पहल, इको नेटवर्क के साथ सहयोग किया है। इस गठजोड़ के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी और नागरिक सहभागिता का उपयोग किया जाना है।

टीसीएस इस पहल के अंग के रूप में, भारत के बेंगलुरु में इको नेटवर्क के 'आई एम वनहेल्थ' कार्यक्रम को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करेगी। टीसीएस अपनी गैर-लाभकारी संगठनों को प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने वाली निःशुल्क पहल, टीसीएस टेक4होप कार्यक्रम के जरिये डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि और नागरिकों की भागीदारी के माध्यम से लोगों को डेंगू का मुकाबला करने में मदद कर उल्लेखनीय बदलाव ला रही है। इको नेटवर्क का वित्त पोषण नोवो नॉर्डिस्क फाउंडेशन कर रहा है, जो दुनिया भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य और वहनीयता का समर्थन करता है।

डेनमार्क के नोवो नॉर्डिस्क फाउंडेशन के बायोटेक के वैज्ञानिक निदेशक, टॉरबेन वेडेल बोरचर्ट ने कहा कि हमारे लिए वैश्विक स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य और वहनीयता परियोजनाओं का समर्थन करना बेहतर महत्वपूर्ण है, और 2021 से हमने भारत में इको नेटवर्क के साथ एटीवी के सहयोग का समर्थन किया है। हमने हाल ही में भारत में इस प्रयास के लिए एक नया अनुदान दिया है, और हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि टीसीएस स्थानीय स्तर पर नेटवर्क में और भी अधिक प्रभाव कैसे जोड़ सकती है।


टीसीएस इस उद्देश्य में सबसे आगे है, स्थानीय अधिकारियों को डेंगू के प्रकोप को प्रभावी ढंग से रोकने और नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि के साथ मदद कर रही है। इस परियोजना में संवाद परक और मुफ्त व्हाट्सएप-आधारित चैटबॉट जरिये स्कूल और कॉलेज के छात्रों को डेंगू फैलने की प्रक्रिया रोकने को प्रभावित करने वाली स्थान-विशिष्ट (हाइपरलोकल) पर्यावरणीय स्थितियों का मानचित्रण करने के लिए प्रोत्साहित करना भी शामिल है। नागरिकों द्वारा तैयार किए गए इस डेटा को टीसीएस के उन्नत आईटी समाधानों से समृद्ध किया जाता है, जो आर्द्रता, तापमान और अन्य स्थान-विशिष्ट मापदंडों का विश्लेषण करते हैं।

# शिक्षा में नैतिक मूल्यों की स्थापना जरूरी: ललित गर्ग

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

सुखी परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष, पत्रकार एवं लेखक ललित गर्ग ने कहा कि सशक्त भारत एवं विकसित भारत का निर्माण शिक्षा में नैतिक मूल्यों की स्थापना करके ही संभव है। श्री गर्ग रोहिणी के टेकनिया ऑडिटोरियम में आयोजित रॉक्सफील्ड पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उक्त उद्गार व्यक्त किए।

गर्ग ने रॉक्सफील्ड पब्लिक स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह वास्तव में सराहनीय कदम है कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और जीवन मूल्यों को भी विद्यार्थियों को बताया जाए और इस क्षेत्र में श्री गजेंद्रजी के नेतृत्व में स्कूल बेहतरीन प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी यही उद्देश्य है कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों से भी जोड़ा जाए जिससे कि हमारा समाज मजबूत हो सके देश मजबूत हो सके। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि इस अवसर पर समाजसेवा, महिला उत्थान, एजुकेशन और पत्रकारिता के क्षेत्र में चार हस्तियों को



रॉक्सफील्ड नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। रॉक्सफील्ड पब्लिक स्कूल के चेयरमैन गजेन्द्र कुमार ने स्कूल का परिचय देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि एनएनएस मीडिया ग्रुप के चेयरमैन राजेश गुप्ता ने कहा की रॉक्सफील्ड पब्लिक स्कूल के पाठ्यक्रम के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा देकर एक सराहनीय कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन की डायरेक्टर एवं फाउंडर श्रीमती सीमा तोमर ने कहा कि रॉक्सफील्ड पब्लिक स्कूल की सबसे खास बात यह है कि यह मॉर्डन एजुकेशन के साथ-साथ बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति भी सजग बनाता है जो कि समाज और देश की नींव मजबूत करने के लिए बहुत जरूरी है।

# 'इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर करें उनकी देखभाल जो करती हैं सबकी केयर'

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ जश्न मनाने का दिन नहीं, बल्कि अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का भी अवसर है। महिलाएं अक्सर परिवार, करियर और समाज की जिम्मेदारियों में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। महिलाओं में पीसीओएस, अनियमित माहवारी, गर्भाशय फाइब्रॉइड्स, ओवरी में सिस्ट, सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर समय काफी आम है। इनकी स्क्रीनिंग और रोकथाम करना भी एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए।

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर की सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट,



डॉ. उषा अग्रवाल बताती है की चालीस की उम्र के बाद महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर सतर्क हो जाना चाहिए। उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में गर्भाशय, अंडाशय, सर्विक्स और वजाइना का कैंसर होने की सम्भावना बढ़ जाती है।साथ ही मेनोपॉज की प्रक्रिया शुरू होते ही



महिलाओं के शरीर में बदलाव होने शुरू हो जाते हैं। मेनोपॉज के आस पास महिलाओं को हॉट फ्लैश, मूड स्विंग, वजाइनल ड्राइनेस, नींद न आना, स्किन ड्राई हो जाना, यूरिन इन्फेक्शन, जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। ऐसे में महिलाओं में डिप्रेशन भी होने लगता है। हार्मोनल असंतुलन, हड्डियों की कमजोरी और हृदय रोग जैसी समस्याओं से बचाव के लिए भी नियमित जांच करवानी चाहिए।

Narayana Health

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर की सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट, डॉ. मंजू गोयल कहती हैं, की स्वस्थ जीवन शैली अपनाना किसी भी महिला के लिए सबसे बड़ा उपहार हो सकता है। उन्होंने कहा संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव प्रबंधन से न केवल बीमारियों से बचा जा सकता है बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। महिलाओं को अपने आहार में अधिक फाइबर, हरी सब्जियां, फल, प्रोटीन और विटामिन से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करने चाहिए। साथ ही दिनभर पर्याप्त पानी पीना भी बहुत जरूरी है, जिससे शरीर डिटॉक्स होता है और किडनी स्वास्थ्य भी बना रहता है।

# फूड प्रोसेसिंग का सिंगल प्वाइंट व सबसे बड़ी यूनिट बनेगा 'पतंजलि मेगा फूड एंड हर्बल पार्क' नागपुर

**संतरे को प्रोसेस करने वाला एशिया का सबसे बड़ा प्लांट : आचार्य बालकृष्ण**

**किसानों व कृषि व्यवस्था की भयावह सूरत हम बदलकर रहेंगे : आचार्य बालकृष्ण**

**जीरो वेस्टेज सिस्टम के तहत बॉय प्रोडक्ट्स पर भी काम करेगा मिहान स्थित फूड पार्क**

**बिजनेस रेमेडीज/नागपुर।** पतंजलि द्वारा मिहान, नागपुर में स्थापित 'पतंजलि मेगा फूड एंड हर्बल पार्क' में संतरा प्रोसेसिंग का एशिया का सबसे बड़ा प्लांट होगा। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने मिहान, नागपुर में प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए सर्वप्रथम नागपुर की धरा को प्रणाम करते हुए आगे कहा कि नागपुर की यह धरा अध्यात्म व क्रांति की धरा है। यह धरा देश व संविधान को मूर्त्त रूप प्रदान करने वाली है। अब इस धरा से पतंजलि की नवकृषि क्रांति के द्वारा देश के किसानों की समृद्धि के द्वार खोले जाएँगे।




उन्होंने आगे बताया कि यह प्लांट फूड प्रोसेसिंग का सिंगल प्वाइंट व एशिया की सबसे बड़ी यूनिट है। इसे स्थापित करने पर हमें गर्व की अनुभूति हो रही है। हालाँकि इस प्लांट को प्रारंभ करने में बहुत से विघ्न-बाधाएँ रहीं, बीच में कोरोना काल भी रहा पर अंतत: वह दिन आ गया जिसकी प्रतिक्षा क्षेत्र के किसान वर्षों से कर रहे थे। आचार्य ने बताया कि इस प्लांट का विधिवत उद्घाटन सड़क परिवहन, राज्य मार्ग व जहाजरानी मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस रविवार 9 मार्च को करेंगे। उन्होंने कहा कि विदर्भ का नाम आते ही यहाँ के किसानों की आत्महत्याएँ व प्रताड़ित व दु:खी किसानों का चित्र स्वत: ही चित्रित हो जाता है। हमें पूर्ण विश्वास है कि जल्द ही इस चित्र को बदलने का कार्य मिहान के इस संतरा प्रोसेसिंग प्लांट से होगा, इसमें हमें आप सबका साथ व सहयोग चाहिए। इस पूरे क्षेत्र, किसानों व कृषि व्यवस्था की भयावह सूरत हम बदलकर रहेंगे, यह हमारा संकल्प है। आचार्य ने बताया कि उक्त प्लांट की प्रतिदिन 800 टन प्रोसेसिंग क्षमता है। जिसमें हम ए ग्रेड के साथ-साथ बी व सी ग्रेड के संतरे, प्री-मैच्योर उत्पादन, आंधी से टूटकर गिरने वाले संतरे को भी प्रोसेस करते हैं। हमारा यह प्लांट जीरो वेस्टेज सिस्टम पर काम करता है। हमारा कार्य संतरे के छिलके से प्रारंभ होता है जिसमें हम संतरे के छिलके से वॉलिटाइल तथा फ्रेगरेंस ऑयल निकालते हैं।

इसके लिए हमने विदेशी तकनीक और पूरे सिस्टम पर रिसर्च की क्योंकि इतना बड़ा प्लांट केवल जूस के भरोसे पर नहीं चलाया जा सकता। हमने इसके बॉय प्रोडक्ट्स पर भी फोकस किया। इस प्लांट को धरातल पर आपके सामने लाने में हमारा काफी समय व पुरुषार्थ लगा। आज इस क्षेत्र के प्रत्येक गांव का लगभग प्रत्येक किसान हमारे संपर्क में है, साथ ही कुछ प्रतिभाशाली व्यक्ति भी हमारी दृष्टि में हैं। हमारी प्राथमिकता स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करने तथा स्थानीय किसानों को समृद्धशाली बनाने की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वप्न है कि स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाकर देश में मैनपॉवर स्किल तैयार की जाए, उसमें पतंजलि ही अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आचार्य जी ने बताया कि उक्त प्लांट में आधुनिक मापदण्डों के आधार पर पूरा एडवांस सिस्टम है जिसमें पैकेजिंग लाइन, टैक्नोपैक से लेकर एडवांस रिसर्च लैब्स शामिल हैं। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता टॉप क्लास है, हमारे लिए पूरा विश्व बाजार खुला है। लेकिन हमारी प्राथमिकता देश के लोगों को एक्सपोर्ट क्वालिटी के बेहतरीन उत्पाद उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि रॉ-मैटिरियल की उपलब्धता के आधार पर यहाँ संतरा, लाइम, आंवला, अनार, अमरूद, अंगूर, लौकी, गाजर का जूस, आम व संतरे का पल्प तथा ऑनियन, टमाटो का पेस्ट भी बनाया जाएगा।

# एमेज़ॉन इंडिया का एलिवेटहर 2025 स्पीड मेंटरिंग और करियर डेवलपमेंट द्वारा महिलाओं को सशक्त बना रहा है

**एमेज़ॉन के लीडर्स ने करियर पर उपयोगी वार्ता के साथ 100 से अधिक महिला प्रोफेशनल्स को स्पीड मेंटरिंग प्रदान की**

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (आईडब्लूडी) 2025 के अवसर पर एमेज़ॉन इंडिया ने 'एमेज़ॉन एलिवेटहर 2025' का आयोजन किया। यह पहल मेंटरशिप और करियर डेवलपमेंट के अवसरों द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की वैश्विक थीम के अनुसार बैंगलोर में एक ईवेंट 'एक्सेलरेट एक्शन' का आयोजन किया गया, जिसमें एमेज़ॉन के लीडर्स और महत्वाकांक्षी प्रोफेशनल्स ने मेंटरशिप, सहयोग और स्पॉन्सरशिप पर ज्ञानवर्धक बातचीत की। एलिवेटहर 2025 से लैंगिक समानता की ओर एमेज़ॉन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, जो महिलाओं को अपनी पूरी क्षमता का विकास करने के लिए आवश्यक टूल्स और संसाधन प्रदान करने के लिए समर्पित है।

इस ईवेंट में स्पीड मेंटरिंग सत्र आकर्षण का केंद्र था। इसमें विभिन्न पृष्ठभूमियों की 100 से अधिक महिलाओं ने एमेज़ॉन लीडर्स के साथ करियर विकास, लीडरशिप के विकास एवं प्रोफेशन में आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास के निर्माण पर गहन वार्ता की। इसके साथ ही ''गाईडिंग लाईटः स्पॉन्सरशिप, रेजिलिएंस, एंड एम्पॉवरिंग वीमेन टू राईज' विषय पर गंभीर चर्चा हुई, जिसमें अभिनेत्री और लेखिका, सोनाली बेंद्रे और दीप्ति वर्मा, वीपी - एचआर/पीपुल एक्सपीरिएंस एंड टेक्नोलॉजी, एमेज़ॉन इंडिया, जापान एंड इमर्जिंग मार्केट्स ने हिस्सा लिया।

दीप्ति वर्मा, वीपी, एचआर/पीपुल एक्सपीरिएंस एंड टेक्नोलॉजी, एमेज़ॉन इंडिया, जापान एंड इमर्जिंग मार्केट्स ने कहा, ''एमेज़ॉन में हम ऐसी संस्कृति का विकास कर रहे हैं, जिसमें सभी लोग आगे बढ़ें। हम मेंटरशिप से आगे बढ़कर सहयोग और स्पॉन्सरशिप तक पहुँच रहे हैं और करियर के विकास के लिए एक सपोर्ट सिस्टम का निर्माण कर रहे हैं। हमारे लीडर्स कर्मचारियों, एसोसिएट्स और पार्टनर्स के लिए ऐसे अभियान लेकर आते हैं, जो एमेज़ॉन में उन्हें विकास करने का अवसर प्रदान करें। एलिवेटहर 2025 का उद्देश्य विभिन्न पृष्ठभूमि की महिलाओं को कौशल और नेटवर्क प्रदान करना है, जिसकी मदद से वो अपने करियर के लक्ष्य प्राप्त कर सकें। हम इन प्रोफेशनल्स को स्पीड मेंटरिंग का अवसर प्रदान करके बहुत उत्साहित हैं।''

# एक्सिस बैंक गिफ्ट सिटी आईएफएससी में अपनी इंटरनेशनल बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) के माध्यम से एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग करने वाला पहला भारतीय बैंक बना

**एयर इंडिया के साथ ऐतिहासिक डील, घरेलू एविएशन फाइनेंस समाधानों की दिशा में बड़ा कदम**

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने गिफ्ट सिटी आईएफएससी में अपनी इंटरनेशनल बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) के माध्यम से एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग ट्रांजैक्शन करने वाला पहला भारतीय बैंक बनने का गौरव हासिल किया है। यह ऐतिहासिक डील टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया की लीजिंग शाखा और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एआई फ्लीट सर्विस (एआईएफएस) के लिए की गई। यह उपलब्धि भारत के एविएशन वित्त क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिस पर अब तक बहुराष्ट्रीय बैंकों का प्रभुत्व था। साथ ही, यह गिफ्ट सिटी को विमान लीजिंग और वित्तपोषण के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाती है। इस डील के तहत 34 ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए दीर्घकालिक यूएस डॉलर लोन शामिल है, जिन्हें महाराष्ट्र के अमरावती में एयर इंडिया के आगामी पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में तैनात किया जाएगा। यह केंद्र भारत के सबसे बड़े पायलट ट्रेनिंग हब्स में से एक बनने जा रहा है, जो देश के बढ़ते एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर में योगदान देगा। इस लेनदेन के माध्यम से, एक्सिस बैंक भारतीय एयरलाइंस को घरेलू फंडिंग समाधानों तक पहुंच प्रदान करके एविएशन फाइनेंस ईकोसिस्टम को नया रूप दे रहा है और ग्लोबल एविएशन क्षेत्र में भारत की वित्तीय आत्मनिर्भरता को मजबूत कर रहा है। गिफ्ट सिटी भारत का एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग हब बनकर उभर रहा है।

# मीशो ने अपने प्लेटफॉर्म पर फुटवियर श्रेणी का विस्तार किया

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** भारत के एकमात्र ट्रू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने रिलैक्सो ग्रुप, पैरागन और लिबर्टी ब्रांड्स पेश करके अपने प्लेटफॉर्म पर फुटवियर श्रेणी को मजबूत किया है। इस लॉन्च के बाद लाखों शॉपर्स को ये भरोसेमंद ब्रांड मीशो पर उपलब्ध हो सकेंगे।

यह रणनीतिक कदम खासकर टियर 2 बाजारों में ब्रांडेड, हाई-क्वालिटी के फुटवियर उपलब्ध कराने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है क्योंकि इन बाजारों के शॉपर्स कम्फर्ट और ड्यूरेबिलिटी के लिए भरोसेमंद ब्रांड्स को ज्यादा पसंद करते हैं। इन ब्रांड्स ने छोटी सी अवधि में ही ऑर्डर्स में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है। रिलैक्सो ग्रुप की मांग में 2.5 गुना, पैरागन की मांग में 2.5 गुना और लिबर्टी की मांग में 2 गुना वृद्धि दर्ज हुई है। इस वृद्धि को फ्लिप-फ्लॉप्स, कैज्युअल शूज, स्पोर्ट्स शूज, और फॉर्मल फुटवियर जैसे स्टाईल्स की बढ़ती मांग से तेजी मिली है, जो खासकर महवा, भाटापारा, सुपौल, और नुजविद जैसे तेजी से बढ़ते हुए टियर-3 शहरों में दर्ज हुई है। इससे प्रदर्शित होता है कि मीशो किस प्रकार इन ब्रांड्स के लिए टियर 3 बाजारों के दरवाजे खोल रहा है और उन्हें अपने ग्राहकों का विस्तार करने में समर्थ बना रहा है। मीशो द्वारा मॉल पर अपने ब्रांड का विस्तार किया जा रहा है। इसने अपने ग्राहकों की जरूरतों, उनकी शॉपिंग की आदतों, और उनकी बदलती पसंद की गहरी समझ प्राप्त कर ली है। फुटवियर की श्रेणी मुख्यतः ब्रांड की पहचान और विश्वास पर निर्भर होती है। ग्राहकों की अपेक्षाओं और उपलब्धता के बीच का अंतर दूर करके मीशो द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है कि शॉपर्स चाहे जहाँ कहीं भी हों, उन्हें बिना किसी समझौते के फुटवियर का विस्तृत संग्रह प्राप्त हो सके। रिलैक्सो, पैरागन और लिबर्टी मीशो के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार कर रहे हैं। वो भारत में बढ़ते हुए ग्राहक वर्ग की विकसित होती हुई पसंद को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।







प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166, पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com

## Vistaar Financial Services Pvt Ltd

VISTAAR FINANCE

**Registered Office:** Plot No.59 & 60- 23-22nd Cross, 29th Main BTM 2nd Stage, Bengaluru 560076. **www.vistaarfinance.com**

APPENDIX IV [See rule 8 (1)]

### POSSESSION NOTICE (For Immovable Property)

**Whereas,** The undersigned being the Authorized Officer of Vistaar Financial Services Private Limited under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under Section 13 (12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued Demand Notice dated **09-11-2022** calling upon the Borrower(s) **Mr. Kumar Nilotpal, Mr.Yogendra Singh, Vinita Kumari and Shilpa Kumari** to repay the amount **Rs. 20,99,477.63 (Twenty Lakh Ninety Nine Thousand Four Hundred Seventy Seven Rupees and Sixty three paisa Only) against Loan Account No. 0255SBML00126** as on **07/11/2022** along with future interest and other charges etc till actual payment within 60 days from the date of receipt of the said Notice..

The Borrower(s) having failed to repay the amount, Notice is hereby given to the Borrower(s) and the public in general that the undersigned has taken **Physical Possession** of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under Sub-Section (4) of Section 13 of the Act read with Rule 8 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 on this the **06 day of March Of 2025**.

The Borrower(s) in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of Vistaar Financial Services Private Limited for an amount **Rs. 20,99,477.63 (Twenty Lakh Ninety Nine Thousand Four Hundred Seventy Seven Rupees and Sixty three paisa Only) against Loan Account No. 0255SBML00126 as on 07/11/2022 along** with future interest and other charges etc till actual payment.

The Borrowers' attention is invited to provisions of Sub-Section (8) of Section 13 of the Act in respect of time available, to redeem the Secured Assets.

**SCHEDULE-A**

**[Description of the Secured Asset]**

All That Part and Parcel of Immoveable property Residential All piece & Parcel of the immoveable property

**Property-1** : Flat No.UG-02 Situated on Freehold Residential Plot No.48 Having Khasra no. 143A, Colony Sai Garden-2, A.P.S Aashiyana-2 Shahberi, Pargana & Tehsil Dadri, Gautam Buddhnagar, Uttarpradesh Measuring Area 70 Sq. Mtr. East: Rasta 22 Foot, North: Flat No. UG-01, West: Flat No. UG-03, South: Rasta 22 Foot

Registration Details- Book No-1, Volume No -10660, pages no. 353-376 Doc/Serial No-9335, Dated-6/07/2017 with Sub Registrar- Dadri Registered in the name of Yogendra Singh

**Property -2** : Flat No.FF-02 Situated on Freehold Residential Plot No.48 Having Khasra No.143A, Colony Sai Garden-2, A.P.S Aashiyana-2 Shahberi, Pargana & Tehsil Dadri, Gautam Buddhnagar, Uttarpradesh Measuring Area 70 Sq. Mtr. East: Rasta 22 Foot, West: Flat No.FF-03, North: Flat No.FF-01, South: Rasta 22 Foot

Registration Details- Book No-1, Volume No-10661, Pages No. 1-28 Doc/Serial No-9337, Dated-6/07/2017 with Sub Registrar Dadri Registered in the name of Yogendra Singh

**Date : 06-03-2025** **Authorized Officer,**
**Place : NOIDA** **For Vistaar Financial Services Private Limited**

## A.K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office:-14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya-Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.)
Ph: 9887049006, 9929139002 • Email: akspintex@gmail.com • Website: www.akspintex.com
CIN: L17117RJ1994PLC008916

**NOTICE**

Notice is hereby given that an Extra Ordinary General Meeting ("EGM") of the members of A.K.Spintex Limited ("Company") will be held on Monday, 31st March, 2025 at 12:00 P.M. through Video Conferencing ("VC")/ Other Audio Visual Means ("OAVM") facility to transact the ordinary business as set out in the notice of EGM, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circulars dated 08th April 2020, 13th April 2020, 05th May 2020 and 13th January 2021, 14th December, 2021 and May 05th, 2022, December 28, 2022 and September 25, 2023 respectively, issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circular(s)") Further Securities Exchange Board of India vide its circular dated May 13, 2022 followed by the SEBI circular no. SEBI/HO/CFD//PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 05th January 2023 and October 07, 2023 issued by the Securities and Exchange Board of India permitting Listed entities to holding of AGM/EGM through VC/OAVM and to send their Notices or Annual reports in electronic mode ("SEBI Circular).

The electronic copies of the Notice of EGM have been sent to all the members whose e-mail IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). The dispatch of Notice of the EGM has been completed on 07th March, 2025. The above documents are also available on the Company's website i.e. www.akspintex.com, website of the BSE Limited i.e. www.bseindia.com and website of the Central Depository Services (India) Limited i.e. www.evotingindia.com.

In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is offering remote e-voting facility for its Members enabling them to cast their vote electronically in respect of the business to be transacted at the EGM of the Company. The Company has appointed Central Depository Services (India) Limited (CDSL) to provide e-voting facility.

The remote e-voting will commence from 09:00 A.M on Friday, March 28, 2025, and ends on 05:00 P.M on Sunday, March 30, 2025. The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the EGM is Monday, March 24, 2025. The detailed instructions for remote e-voting process are mentioned at Notes of the Notice of EGM.

The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also participate in the EGM through VC/OAVM facility but shall not be entitled to cast their vote again.

Any person who has acquired the shares and has become a member of the Company after the dispatch of the Notice of the EGM and prior to the Cut-off date, shall be entitled to exercise his/her vote either electronically i.e. remote e-voting or e-voting system on the date of the EGM by following the process mentioned in the Notice of the EGM.

In case of any queries, members may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com, under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact Mr. Rakesh Dalvi (022-23058542/43) or contact Mr. Ashish Kumar Bagrecha,Company Secretary of the Company at 14 K.M. Stone, chittor road, Biliya Kalan, Bhilwara-311001(Raj.), Tel: 91-9887049006 and email: akspintex@gmail.com.

M/s Anil Somani & Associates, (ACS 36055 COP 13379) has been appointed as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting in a fair and transparent manner. The results of the remote e-voting and e-voting at the EGM will be declared on or before Wednesday, 2nd April, 2025. The Results declared, along with the Scrutinizer's Report, shall be placed on the Company's website at www.akspintex.com and on the website of CDSL i.e. www.evotingindia.com for information of the Members besides being communicated to the Stock Exchange i.e. BSE Limited where the Company's shares are listed.

For A.K. SPINTEX LIMITED
Ashish Kumar Bagrecha
Place: Bhilwara (Company Secretary & Compliance Officer)
Date: 07.03.2025 M. No. A34182

## CAN FIN HOMES L

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

**112-A, Part-b, 1st Floor, Nit-5, Railway Road, Near Nation H**
**121001, Haryana Phone : 0129-2436527/2436596, Mob.:7**
**Email: faridabad@canfinhomes.com, CIN: L85110KA198P**

**POSSESSION NOTICE [Rule 8 (1)] [For Immovable Proper**

The undersigned being the Authorised Officer of Can Fin Homes Ltd. under the Securitisation and Reconstruction Enforcement of Security Interest Act 2002 and in exercise of the powers under the said Act and Security Interest 2002, issued a demand notice on the below mentioned dates calling upon the following borrower(s)/co-borrowers/ amount mentioned in the notice with further interest at contractual rates till date of realization within 60 days from th said notice.

The borrowers having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general th taken possession of the property described herein below, against each borrower, in exercise of powers conferred the said Act read with Rule 8 of the Security Interest Enforcement) Rules, 2002 on dates mentioned hereinafter.

| Sr. No. | Name of Borrowers and Guarantors | Description of the property | Date of Demand Notice | Outstand amoun |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Mr. Surajmal S/o Phool Singh** and Mrs. Sarita W/o Surajmal and (Guarantor) Mr. Gaurav Mittal S/o Mr. Rakesh Kumar Mittal | All that part and parcel of the property Bearing H.no. 151(Previous Plot No. 21), Measuring Area 72 Sq. Yds, comprising out of Khasra No. 133/6, 15 Plot No. 21, situated at Mauja Ballabgarh, Shiv Colony, Tehsil Ballabgarh, Distt. Faridabad, 121004. **Boundaries:** North by :- Remaining Portion of Plot No. 21, East by :- Vacant Plot, West by :- Rasta, South by:- Plot of Vishnu Lal | 30.12.2024 | **Rs.5,60,5** (Five Lakh Thousand Hundred For Only) and in thereor |
| 2. | **Mrs. Vineeta Singh W/O Ajit Kumar Singh** and Mr. Ajit Kumar Singh S/O Nagnarayan Singh and (Guarantor) Mrs. Saroj W/O Mukesh Kumar and Mr. Abdul Majid S/O Israr Hussain | ALL THAT PART AND PARCEL OF THE PROPERTY BEARING PLOT NO. 696, SECOND FLOOR, SURYA NAGAR, PHASE -II, RESIDENTIAL SCHEME SECTOR-91, FARIDABAD, 121003, MEASURING AREA 120 SQ.YDS. **Boundaries:** North by :- PLOT NO. 683, East by :- PLOT NO. 698, West by:- PLOT NO. 697, South by :- ROAD | 30.12.2024 | **Rs.34,60,1** (Thirty Four La Thousand hundred twer only) and in thereon |

The borrower's attention is invited to provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available, assets. The borrowers in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and property will be subject to the charge of CFHL for the amount mentioned against each property along with further inter of realisation.

**Date : 07.03.2025, Place : Faridabad** **Sd/-, Authorised Officer,**

## केनरा बैंक Canara Bank

भारत सरकार का उपक्रम | सिंडिकेट Syndicate | A Government of India Undertaking

**Reg**

### E-Auction Sale Notice for Sale of Immovable Properties under the Securi

**read with proviso to Rule 8 (6) &**

Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower (s) and Guarantor (s) that the bel taken by the Authorised Officer of the Canara Bank., Secured Creditor, will be sold on **"As is where is"**, **"As is wl** thereon, charges and co

### Date & Time of E-Auction: 25.03.2025 between 10:(

**EMD amount of 10% of the Reserve Price is to be deposited in E-Wallet of M/s PSB A RTGS/NEFT in the account details as me**

| Sr. No. | Name of Borrowers / Account Branch Name |
|---|---|
| 1- | 1. **Shrestha Food Pvt. Ltd.**, Prop. Pankaj Khanna S/o B.L.Khanna, S.D Puram Nazibabad Road, Bijnor-246701<br>2. B.K. Khanna S/o Keval Kishan Khanna, House no.64, Near Sudama Park, Mohalla Sonityar, Bijnor-246701<br>3. Sri Sanjeev Kumar S/o Kewal Khanna, House no.64, Near Sudama Park, Mohalla SoniyarBijnor-246701<br>**Branch: Bijnor.** |
| 2- | 1. **Sri Narendra Kumar** S/O Sri Bheem Singh, Mohalla Dayal Kunj, Bijnor, Uttar Pradesh 246701<br>2. Sri Divya Kumar S/O Sri. Narendra Kumar, Aishwarya Nagar, Flat No. F-3, Mahadevpuram, Mandawar Ro Bijnor, Uttar Pradesh 246701<br>3. Akshay Kumar S/O Sri. Bheem Singh House No. 266, Rashidpur Gadhi Bijnor Uttar Pradesh 246701.<br>**Branch: Bijnor.** |
| 3- | **M/s Payal Traders,** Propritor Vipin Kumar S/o Vijaypal Singh, Prop Vipin Kumar S/o Vijaypal Singh, Vill Alam Mohan Pakahanpur, Tehsil Nagina Dist Bijnor U P 246762<br>Shri Ashutosh S/o Vijaypal Singh, Vill Alampur Mohan Pakahanpur, Tehsil Nagina Dist Bijnor U P 246762<br>**Branch: Nagina.** |
| 4- | 1. **M/s Radhika Food,** Mig B 79 Phase 1 Ramganga Vihar Kanth Road Moradabad<br>2. Roshni Gupta W/o Navneet Gupta, Mig B 79 Phase 1 Ramganga Vihar Kanth Road Moradabad<br>3) Sushma Gupta W/o Mahesh Chandra Gupta, C2/118 Mansarovar Colony, Moradabad<br>**Branch: Moradabad Overseas.** |
| 5- | 1. **Sh Rahis** S/o Rafiq Ahmad, Moh Ansariyan Teh Bilari, Dist- Moradabad, Up – 202411, Mobile - 91- 963903570<br>2. Smt Kaisar W/o Rahees Urf Rahis, Moh Ansariyan Teh Bilari, Dist- Moradabad, Up – 202411, Mobile - 9639035703.<br>**Branch: D P Kalan.** |
| 6- | **Shri Rajeev Kumar** S/o Kalyan Singh, Mohalla Lal Sarai Azad Colony Nagina, Dist Bijnor, Up 246762, Mo 9457014527.<br>Smt. Babita Chauhan W/o Shri Rajiv Chauhan, Mohalla Lal Sarai, Azad Colony Nagina, Dist Bijnor Up 246762, M –9457014527.<br>**Branch: Nagina.** |
| 7- | 1. **M/s Rehman Handicrafts** (borrower), Through Its Borrower- Sri Mohd Zalil Rehman S/o Abdul Ghaffar, A Near Hajira Wali Masjid Maqbara Sabji Mandi, Moradabad<br>Gurrantor- Mohd Javed Husain S/o Jakir Husain (guarantor). R/o- H No Mig 122 Azad Nagar Moradabad<br>**Branch: Kuthchery Road.** |
| 8- | 1. **Mr. Rinku Rana** S/o Gopal Singh, R/o Sidharth Nagar Nagar Palika Ke Piche, Tehsil Bilari, Distt Moradabad 202411<br>2. Mrs. Madhu Devi W/o Gopal Singh, R/o Sidharth Nagar Nagar Palika ke Piche, Tehsil BilariDistt Moradabad 202411 |